
प्रेरणास्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

लोहारू से प्रकाशित सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 220 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 शनिवार, 14 जून 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495







## दिल्ली में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

राजधानी दिल्ली में पारा एक बार फिर 45 के पार पहुंच गया। आयानगर में अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक उत्तर-पश्चिम भारत में लू की स्थिति रहने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की उम्मीद है, जिससे अलग-अलग जगहों पर लू की स्थिति पैदा होगी। मौसम विभाग ने इस क्षेत्र के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया। भारत मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग - 43.4 डिग्री सेल्सियस, पालम - 44.3 डिग्री सेल्सियस।

## कोरोना के एक्टिव मामले 6400 से ज्यादा

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

पिछले करीब 20 दिनों से भारत में कोरोना की एक नई लहर देखी जा रही है। हर दिन के साथ संक्रमण के मामलों में इजाफा हो रहा है। 22 मई को जहां कुल एक्टिव मामले 257 थे, वो 9 जून (सोमवार) को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड पर साझा किए गए रिपोर्ट के अनुसार बढ़कर 6491 हो गए हैं। पिछले 24 घंटे में ही संक्रमण के 358 नए मामले सामने आए हैं, वहीं 624 लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं। देश में मुख्यरूप से ओमिक्रॉन और इसके सब-वैरिएंट्स NB.1.8.1 को प्रमुख माना जा रहा है।

# पीएम अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल पर पहुंचे, बोले- घटना दिल दहला देने वाली

### हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने इस अकल्पनीय त्रासदी में अपने प्रियजनों को खो दिया: मोदी

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों और राहत व बचाव टीमों से मुलाकात की। उन्होंने तबाही के मंजर को बेहद दुखद बताया और कहा कि हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने इस अकल्पनीय त्रासदी में अपने प्रियजनों को खो दिया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से हम सभी स्तब्ध हैं। इतने सारे लोगों की अचानक और दिल दहला देने वाली मौत को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हम उनके दर्द को समझते हैं और यह भी जानते हैं कि जाने वाले पीछे खालीपन छोड़ गए हैं। इस खालीपन को आने वाले कई सालों तक महसूस किया जाएगा। वहीं हादसे में ब्रिटेन, कनाडा और पुर्तगाल के नागरिकों ने भी जान गंवाई है। विदेश मंत्री ने इन देशों के विदेश मंत्रियों से संपर्क साधा है और संवेदना प्रगट की है। एक्स पर उन्होंने बताया कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के संबंध में यूके के विदेश मंत्री डेविड लैमी, पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रंगेल और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के संपर्क में हैं।



उन्होंने इन नेताओं से अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है और दुख की इस घड़ी में पूरा समर्थन देने की पेशकश की है। उल्लेखनीय है कि कल अहमदाबाद से लंदन जा रहा विमान उड़ान के दो मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

**पूर्व सीएम विजय रूपाणी के परिवार से मिले पीएम मोदी, विमान हादसे में हो गया था निधन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की, जिनकी अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। 68 वर्षीय रूपाणी लंदन जाने वाली उड़ान के 241 यात्रियों में शामिल थे। पीएम मोदी ने शुक्रवार को अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया और यहां सिविल अस्पताल में घायल पीड़ितों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने शहर में रूपाणी के परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की।

**पीएम मोदी ने विजय रूपाणी को अपने दशकों पुराने साथी के तौर पर याद किया**

पीएम मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, विजयभाई रूपाणी जी के परिवार से मुलाकात की। यह अकल्पनीय है कि विजयभाई हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता हूं। हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, जिसमें कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण समय भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, विजयभाई विनम्र और मेहनती थे, पार्टी की विचारधारा के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध थे। पद पर बढ़ते हुए उन्होंने संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं और गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लगन से काम किया। मोदी ने कहा कि उन्हें जो भी भूमिका दी गई, उसमें उन्होंने खुद को साबित किया, चाहे वह राजकोट नगर निगम में हो, राज्यसभा सांसद के रूप में हो, गुजरात भाजपा अध्यक्ष के रूप में हो या राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में हो। उन्होंने कहा, जब वे गुजरात के सीएम थे, तब भी मैंने और विजयभाई ने बड़े पैमाने पर साथ में काम किया था। उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए, जिससे गुजरात के विकास में तेजी आई, खासकर जीवन को आसान बनाने में। हमारे बीच हुई बातचीत हमेशा याद रहेगी।

**दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ: मोदी**

जब वे गुजरात के सीएम थे, तब भी मैंने और विजयभाई ने बड़े पैमाने पर साथ में काम किया था। उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए, जिससे गुजरात के विकास में तेजी आई, खासकर जीवन को आसान बनाने में। हमारे बीच हुई बातचीत हमेशा याद रहेगी। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। ओम शांति। पीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी अंजलि रूपाणी और परिवार के अन्य सदस्यों से एयरपोर्ट के पास गुजसेल बिल्डिंग में मुलाकात की। रूपाणी राजकोट पश्चिम सीट से गुजरात विधानसभा चुनाव जीतने के बाद 7 अगस्त, 2016 से 11 सितंबर, 2021 तक दो कार्यकाल के लिए गुजरात के सीएम रहे। वे वर्तमान में पंजाब के लिए भाजपा के प्रभारी थे।

# हरियाणा में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस होगा ऐतिहासिक: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में पुरजोर तैयारियां की जा रही हैं। 21 जून को राज्य के 22 जिलों और 121 खंडों में एक साथ आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों में लगभग 11 लाख से अधिक लोग भाग लेंगे। इस वर्ष का राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम कुरुक्षेत्र के पावन ब्रह्म सरोवर पर आयोजित किया जाएगा, जहां से भगवान श्रीकृष्ण ने विश्व को कर्म का संदेश दिया था। इस ऐतिहासिक स्थल पर आयोजित योग सत्र में योग गुरु स्वामी रामदेव स्वयं उपस्थित रहकर लोगों को योगाभ्यास कराएंगे। इस आयोजन में एक लाख से



अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे न केवल योग को जन-जन तक पहुंचाया जा सके, बल्कि एक नया विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया जा सके।

मुख्यमंत्री आज पंचकूला में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र, भानू में आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग और आईटीबीपी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान, मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों और आईटीबीपी के जवानों ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसे के मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखा और परमात्मा से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने की कामना की।

## मुख्य सचिव ने की राज्य कार्य योजना की समीक्षा

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाने और मजबूत सार्वजनिक भागीदारी से पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ाने के मकसद से एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के नाम से एक महत्वाकांक्षी पहल की है। मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आज यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में राज्य कार्य योजना की समीक्षा की गई।

बैठक में इस अभियान को प्रमुख राष्ट्रीय मिशनों के साथ जोड़ने और जिला स्तर पर प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई।

संपूर्ण सरकार और संपूर्ण समाज के दृष्टिकोण से लागू किया जाएगा।

## अहमदाबाद विमान हादसे पर खरगे ने जताया दुख

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दुख जताया है। उन्होंने हादसे की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। साथ ही मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कांग्रेस समेत सभी संगठनों के कार्यकताओं से घायलों और मृतकों के परिवारों की मदद करने की अपील की। खरगे ने कहा कि सरकार पीड़ितों को वित्तीय और चिकित्सा सहायता सहित सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने की पूरी जिम्मेदारी ले। सरकार को यह तय करना चाहिए कि सभी घायलों को प्राथमिकता के आधार पर उपचार मिले। उन्होंने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए घटना की उच्च स्तरीय जांच की भी मांग की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को या तो सुप्रीम कोर्ट के किसी मौजूदा जज या रिटायर्ड जज से जांच करानी चाहिए ताकि पता चल सके कि यह दुर्घटना क्यों हुई और इसका कौन जिम्मेदार है। खरगे ने दावा किया कि पायलट पर निर्धारित प्रस्थान समय से पहले उड़ान भरने का कथित दबाव था।

### आयुष मंत्रालय ने बताया कि शिखर सम्मेलन में योग प्रभाव रिपोर्ट का विमोचन होगा

# आयुष मंत्रालय वैश्विक शिखर सम्मेलन 'योग कनेक्ट'की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम के रूप में शनिवार को आयुष मंत्रालय विज्ञान भवन में हाइब्रिड रूप से वैश्विक शिखर सम्मेलन ह्ययोग कनेक्टह्न की मेजबानी करेगा। इस शिखर सम्मेलन में भारत और विदेश दोनों से योग गुरुओं, नीति निमार्ताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, व्यापारिक नेताओं, शोधकताओं और वैश्विक प्रभावशाली लोगों का एक प्रतिष्ठित समूह एक साथ आएगा। इस कार्यक्रम का समन्वय योग और प्राकृतिक चिकित्सा में अनुसंधान के लिए केंद्रीय परिषद द्वारा किया जा रहा है, जो योग के क्षेत्र में शीर्ष शोध निकाय है। योग कनेक्ट एक हाइब्रिड



प्रारूप में होगा, जिसमें 1,000 से अधिक व्यक्तिगत प्रतिभागियों के साथ-साथ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय योग संस्थानों और कल्याण समुदायों के आभासी उपस्थितगण शामिल होंगे। बहरीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और दक्षिण कोरिया सहित चार से अधिक देशों के विशेषज्ञ इस शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे

आयुष मंत्रालय ने बताया कि शिखर सम्मेलन में योग प्रभाव रिपोर्ट का विमोचन होगा जिसमें पिछले एक दशक में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रभाव का आकलन करने वाला एक राष्ट्रव्यापी अध्ययन शामिल होगा। यह रिपोर्ट शिक्षाविदों, शोधकताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

, क्योंकि यह देशभर में आईडीवाई पहलों की पहुंच, प्रभावशीलता और परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान करेगी। इसके अलावा इस मौके पर देशी भारतीय वृक्षों के महत्व और उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालने वाली एक पुस्तिका जारी की जाएगी।

इस सम्मेलन में विभिन्न विषयगत सत्र शामिल होंगे जिनमें

गैर-संचारी रोगों की रोकथाम के लिए योग

सामान्य योग प्रोटोकॉल पर अध्ययन, जीवन के विभिन्न चरणों में योग, महिला स्वास्थ्य

के लिए योग शामिल है। इस कार्यक्रम में स्वामी बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, एचआर नागेंद्रजी, परम पावन बिक्खू संघसेना और भारत भूषण शामिल होंगे।

उल्लेखनीय है कि ह्ययोग कनेक्टह्न भारत के वैश्विक योग आंदोलन के दस साल पूरे होने का प्रतीक है, जिसकी शुरूआत 2014 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किए जाने के साथ हुई थी।

# किसानों ने कुमारी सैलजा के समक्ष फिर उठाया घग्गर जल वितरण विवाद का मुद्दा

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आग्रह किया है कि घग्गर और उससे निकलने वाली नहरों के जल वितरण को लेकर एक स्पष्ट, स्थायी और किसान-हितैषी नीति बनाई जाए, जिससे टेल क्षेत्र तक भी सिंचाई हेतु पानी की समान और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। जल वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत हो, जिसके लिए एक नियमबद्ध ढांचा तुरंत प्रभाव से लागू किया जाना आवश्यक है। साथ ही सैलजा ने अहमदाबाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताते



हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की है। साथ ही चौ चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सांसद कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को ऐलनाबाद क्षेत्र में कई गांवों का दौरा किया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उधर रानियां और ऐलनाबाद के किसानों ने एक बार फिर उनसे मुलाकात की घग्गर से निकली नहरों के जल वितरण के मामले में बातचीत की। किसानों को सैलजा ने बताया कि उनकी शिकायत को लेकर सीएम को पत्र लिखकर कहा गया है कि जल वितरण को लेकर एक स्पष्ट, स्थायी और किसान-हितैषी नीति बनाई जाए, जिससे टेल क्षेत्र तक भी सिंचाई हेतु पानी की समान और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर गांव सुरपुरा कलां में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 13 जून।** उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण लोहारू द्वारा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण भिवानी एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार के निर्देशानुसार व उप मंडल कानूनी सेवा समिति लोहारू के अध्यक्ष एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी देवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में विश्व बाल श्रम रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में गांव सुरपुरा कलां में कानूनी जागरूकता शिविर लगाया गया। गांव सुरपुरा कलां में लगाए गए इस शिविर में पैनल अधिवक्ता मनोज लाखलान द्वारा ग्रामीणों एवं युवाओं को विश्व बालश्रम रोकथाम दिवस के उद्देश्य एवं महत्त्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि भारत में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है।उन्होंने कहा कि बाल श्रमिकों से न केवल उनका बचपन छीना जाता है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और




समुचित विकास के अधिकार भी उनसे छीन लिए जाते हैं। उन्होंने बताया गया कि यदि कोई नाबालिग बच्चा कार्य करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाल श्रम को जड़ से समाप्त करने के लिए केवल कानून पर्याप्त नहीं है, इसके लिए जनसहभागिता, सामाजिक जिम्मेदारी और शिक्षा के प्रति जागरूकता आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों से अपील की गई कि यदि वे कहीं बाल श्रम होता हुआ देखें तो तुरंत बाल कल्याण समिति, पुलिस या विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचित करें। कैंप में उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण लोहारू द्वारा व नालसा द्वारा चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में तथा लोगों को मिलने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसमें मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्य आदि विषय भी सम्मिलित रहे।

## सिंघानी में शराब की दुकान में तोड़ फोड़, सेल्समैन को जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 13 जून।** उपमंडल के गांव सिंघानी में बीती रात्रि को शराब की एक दुकान सिंघानी के ही कुछ युवकों पर तोड़ फोड़ करने और सेल्समैन को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शराब की दुकान के मालिक की शिकायत के आधार पर आधा दर्जन युवकों पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नरेंद्र निवासी सिंघानी ने बताया कि उसने सिंघानी में शराब की दुकान ले रखी है। शिकायत में आरोप है कि सिंघानी के ही कुछ युवकों ने बीती रात्रि को शराब की दुकान पर आकर जान से मारने की धमकी दी दुकान में तोड़ फोड़ की। शिकायतकर्ता का कहना है कि बीती रात्रि को गांव के करीब आधा दर्जन युवक बोलेरो कैंपर में सवार होकर आए और दुकान में बार-बार बोलेरो कैंपर मारी और सेल्समेन नीरज को मारने का प्रयास किया। सेल्समैन ने भागकर अपनी जान को बचाया। कैंपर की टक्कर से दुकान में रखा करीब तीन लाख रुपये के सामान का नुकसान हो गया। पीड़ित दुकान मालिक ने मामले की शिकायत थाने में देकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

## रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट की स्नातक सोनाक्षी ने पेश किया जात

### लंदन की भारतीय कलाकार ने नई दिल्ली के ब्रिटिश काउंसिल में प्रदर्शनी के जरिए नारीत्व की पुरानी सोच को चुनौती

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**अंबाला, 13 जून।** ब्रिटिश काउंसिल, कस्तूरबा गांधी मार्ग की गैलरी में जात प्रदर्शनी पेश की जाएगी, जो सोनाक्षी की एक गहरी और प्रभावशाली मूर्तिकला कृति है। यह प्रदर्शनी मां-बेटी की पीढ़ियों की यादों को पारिवारिक चीजों, धातु और उनके अर्थों के जरिए सामने लाती है। यह प्रदर्शनी 11 जून से 31 जुलाई 2025 तक स्टडी यूकेः क्रिएटिव कनेक्शन्स कक के हिस्से के रूप में चलेगी। सोनाक्षी बताती हैं, जात की



शुरूआत मेरी अपनी पुरानी यादों को सहेजने के लिए हुई थी, लेकिन यह जल्द ही एक तरह का दावा बन गया–उन पारिवारिक चीजों को खोजने का, जिनमें उन महिलाओं का चुपके से किया गया विरोध छिपा था, जिन्हें सिर्फ.मां, दुल्हन या दादी के रूप में जाना गया। अपनी मूर्तियों के जरिए, मैं मां-बेटी की विरासत को चीजों की यादों के रूप में सहेजती हूं–ताकि आने वाली पीढ़ियों की महिलाएं उन्हें सिर्फ. उनके रोल्स से नहीं, बल्कि उनकी ख्वाहिशों, आजादी और आवाज के साथ जानें।

आगरा में जन्मी और अब लंदन में रहने वाली सोनाक्षी चतुर्वेदी ने 2024 में मशहूर रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट से ज्वैलरी और मेटल में एमए पूरा करने वाली सोनाक्षी नई पीढ़ी की कलाकार हैं, जो पुरानी हस्तकला को आधुनिक कला के साथ जोड़ रही हैं। रत्न विशेषज्ञ होने के साथ-साथ इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स (संस्कृति मंत्रालय) में शोधकर्ता के रूप में उनका अनुभव उन्हें दक्षिण एशियाई समाजों में गहनों और विरासत के सांस्कृतिक मायने समझने की गहरी समझ देता है।

## मीठे पानी व शरबत की छबील लगाकर की गई जल सेवा



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सतनाली, 13 जून।** कस्बे के समाजसेवी लोगो द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए राहगीरों व आमजन के लिए उपतहसील कार्यालय के नजदीक व बाजार में मीठे पानी व शरबत की छबील लगाई गई तथा इस दौरान उपतहसील में आने वाले लोगों, राहगीरों तथा आमजन को ठंडा मीठा पानी व शरबत पिलाया गया। इस मौके पर यशपाल शर्मा, हजारीलाल गोयल, रजनेश शेखावत आदि ने बताया कि अत्यधिक गर्मी को देखते हुए जल सेवा अभियान के तहत मीठे पानी व शरबत की छबील लगाई गई है तथा राहगीरों को ठंडा जल पिलाया गया है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में ठंडा पानी पिलाना पुण्य का कार्य माना गया है तथा लोग छबील लगाकर भी पानी पिलाते है। गर्मी से बचने के लिए शरीर को सबसे अधिक पानी की जरूरत होती है। इस गर्मी के तपते मौसम में यदि किसी व्यक्ति को ठंडे पानी की बूंद भी मिल जाए तो वह भी अमृत के समान लगती है। ऐसे में सामूहिक रूप से जल सेवा अभियान के तहत मुख्य सड़क मार्ग पर राहगीरों व आमजन को गर्मी से राहत दिलाने के लिए यह छबील लगाई गई है ताकि लोगों को गर्मी के मौसम में परेशानी न हो तथा पुण्य की प्राप्ति भी मिल सके। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में ठंडे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाना एक बहुत बड़ा पुण्य का कार्य माना गया है। इस प्रकार के कार्यों के लिए युवाओं को आगे आकर इस नेक कार्य में अपनी आहुति देनी चाहिए ताकि अन्य लोग इससे प्रेरणा लेकर समाज सेवा व धर्म के कार्यों में अपनी हिस्सेदारी दर्ज करवा सकें। इस मौके पर अशोक, गौतम, सुभाष शर्मा, प्रजीत बास, पीयूष, पिंटू एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आपसी सहयोग व एकजुटता से ही हो सकती है सभी मांगे पूरी, 9 जुलाई की हड़ताल में शामिल होकर दिखाए एकजुटताः अनिल कुमार

### विभिन्न मांगों को लेकर अध्यापकों के साथ किया विचार विमर्श, 9 जुलाई की हड़ताल में भाग लेने का आह्वान

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 13 जून।** शुक्रवार को हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्ज फैडरेशन ऑफ इंडिया खंड लोहारू कार्यकारिणी ने अध्यापकों के प्रशिक्षण कार्यशाला में पहुंचकर अध्यापकों के साथ विभिन्न मामलों को लेकर चर्चा की। इस दौरान खंड सचिव अनिल कुमार ने पिछले दिनों निदेशालय स्तर पर हुई तालमेल कमेटी की बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कमेटी की बातचीत काफी सकारात्मक रही लेकिन अभी भी कुछ मांग व मुद्दे हैं जिन पर निदेशालय ने सहमति नहीं दी है। उन्होंने बताया कि उनकी मांग है कि अध्यापकों/कर्मचारियों की ट्रांसफर ड्राइव शीघ्र शुरू की जाए तथा विभिन्न पेंडिंग मामले एलटीसी/एसीपी/मैडिकल रेंब्रेशमेंट को सिटीजन चार्टर बनाकर अतिशीघ्र पूरा करने,



खाली पदों पर शीघ्र व स्थायी भर्ती, अध्यापकों से गैर शैक्षणिक कार्य लेने पर रोक लगाई जाए। इसके अतिरिक्त मॉडल व पीएम श्री स्कूलों को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से जोड़ा जाए। हरियाणा में शुरू किए गए 1420 मॉडल संस्कृति विद्यालयों में शिक्षण माध्यम इंग्लिश के साथ - साथ हिंदी में भी करवाने, इन विद्यालयों में स्टाफ की नियुक्ति स्क्रीनिंग के नाम पर धन का अपव्यय रोककर आम विद्यालयों की तरह ट्रांसफर ड्राइव से स्टाफ दिया जाए। उनकी मांग है कि चिराग योजना को वापस लिया जाए तथा एससी /बीसी/बीपीएल को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को बढ़ाया जाए। सार्वजनिक शिक्षा को चौपट करने वाली चिराग जैसी नये नाम से कोई योजना नहीं थोपी जाए। कैंपों के बदले में प्रतिपूर्ति छुट्टियां/अर्जित अवकाश दिए जाए। विभाग को नॉन वेकेशन विभाग बनाने, ट्रांसफर ड्राइव में पदों को कैप्ट नहीं करने, शक्तियों का विकेंद्रीकरण हो। पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, पेंशन में पार्ट टाइम सेवा के निर्णय का सामान्यीकरण करने के साथ साथ अन्य विद्यालयों, प्राथमिक विद्यालयों में भी कम्प्यूटर अध्यापक व सफाई कर्मचारी तैनात करने की मांग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विशेष नामांकन दाखिल अभियान में जिन विद्यालयों में छात्र संख्या में बढ़ोतरी हुई है वहां कार्यरत स्टाफ सदस्यों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि इन सभी मांगों को आपसी सहयोग एवं एकजुटता से ही प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही आने वाली 9 जुलाई की हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया गया।इस दौरान जिला कमेटी से जगमंत, संजय सैनी, राजवंती उपप्रधान, सतीश मैचु, अशोक ढिल्लों, विजेन्द्र श्योराण, मनोज कुमारी पूर्व प्रधान सहित अनेक अध्यापक मौजूद रहे तथा उन्होंने 9 जुलाई की हड़ताल को भी सफल बनाने का आश्वासन दिया।

## व्यक्ति 10 पेटी अवैध शराब सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 13 जून।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान रानियां गेट क्षेत्र से एक व्यक्ति को 10 पेटी (120) बोतल अवैध शराब सहित



काबू किया है। नारकोटिक्स सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह ने बताया कि बीती शाम नारकोटिक्स सेल की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान रानियां गेट सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली की वधवा हार्ड वेयर की दुकान के सामने एक व्यक्ति 9/10 पेटियां अवैध शराब रखकर बेच रहा है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस पार्टी ने वधवा हार्ड वेयर की दुकान पर दबिश दी तो एक व्यक्ति दुकान के बाहर सार्वजनिक जगह पर शराब की पेटियां रखे हुए बैठा था। पुलिस पार्टी को देखकर उक्त व्यक्ति दुकान के अंदर खिसकने का प्रयास करने लगा। शक के आधार पर व्यक्ति को काबू कर शराब की पेटियों का लाइसेंस व शराब का परमिट पेश करने के लिए कहा गया। पूछताछ करने पर व्यक्ति शराब का लाइसेंस व परमिट पेश नही कर सका। पुलिस पार्टी ने आरोपी राजकुमार पुत्र दुलाराम निवासी बाबा खेतरपाल वाली गली रानियां रोड सिरसा को सार्वजनिक जगह पर शराब बेचने के मामले में गिरफ्तार कर थाना शहर सिरसा में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर

## 152-जी कॉरिडोर पर किसान बिफरे, 3.5 घंटे बंद रखा नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य

### अधिकारियों ने 25 दिन में समाधान का दिया आश्वासन





**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**शाहाबाद मारकंडा, 13 जून।** 152-जी नेशनल हाईवे सब-कॉरिडोर निर्माण को लेकर किसानों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। करीब 22 किलोमीटर लंबे इस सब-कॉरिडोर के जलबेहड़ा से पट्टी शहजादपुर तक के हिस्से में रास्ते न मिलने से आक्रोशित किसानों ने सुबह 9 बजे मुख्य मार्ग के बीचों-बीच टैंट लगाकर धरना शुरू कर दिया और निर्माण कार्य रुकवा दिया। किसानों ने निर्माण कार्य के साथ-साथ मटेरियल सप्लाई और भारी वाहनों की आवाजाही को भी पूरी तरह रोक दिया। धरने की अगुवाई कर रहे किसान नेता जसबीर सिंह मामूमाजरा ने बताया कि पिछले दो वर्षों से किसान बार-बार प्रशासन से खेतों में जाने के लिए रास्ता देने की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन केवल आश्वासन देकर टालमटोल करता रहा है। उन्होंने कहा कि सब कॉरिडोर का निर्माण एक महत्वपूर्ण अधोसंरचना परियोजना है, लेकिन इससे जुड़े किसानों की जमीनी समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि किसानों की आजीविका और खेतों तक पहुंच प्रभावित होती है तो इसका सीधा असर अन्नदाता पर पड़ता है। हाईवे निर्माण के दौरान प्रशासन ने 45 से 60 मीटर चौड़ी जमीन अधिग्रहित की है, और दोनों ओर दीवार खड़ी कर दी है जिससे कई किसानों की जमीन दो हिस्सों में बंट गई है। अब किसान अपने ही खेतों में नहीं जा पा रहे हैं। धरना स्थल पर दोपहर 12 बजे सीपीएम कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रतिनिधि सत्यवान मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की, लेकिन उन्होंने कहा कि रास्ते देने और मुआवजे की प्रक्रिया उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आती। इसके बाद दोपहर 1 बजे एनएचएआई के एसडीओ अभिजीत मौके पर पहुंचे और किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिन किसानों के रास्ते अधिगृहित हुए हैं, उन्हें 25 से 30 दिनों के भीतर मुआवजा दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए 3-ए की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एसडीओ ने आश्वस्त किया कि जिन किसानों के खेतों का रास्ता दीवार बनने से बंद हो गया है, वहां दीवार तोड़कर वैकल्पिक रास्ता दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि बारिश के पानी की निकासी के लिए जो पाइप डाले गए थे, उन्हें जल्द ही साफ किया जाएगा, और अंडरपासों के नीचे रोड़ी-बजरी डालकर उन्हें समतल किया जाएगा ताकि आवागमन संभव हो सके।

किसानों ने अधिकारियों को चेताया कि यदि प्रशासन ने 25 दिनों के भीतर अपने वायदों को पूरा नहीं किया तो वे दोबारा आंदोलन करेंगे और इसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। किसान नेता जसबीर सिंह ने कहा कि 3-ए की प्रक्रिया का हवाला देकर अधिकारी समय मांग रहे हैं, लेकिन सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब 3-ए की अधिसूचना ही अभी तक पूरी तरह लागू नहीं की गई है तो 3-बी तक पहुंचने में तो और समय लगेगा। उन्होंने यह भी बताया कि पानी निकासी के लिए जो पाइप लगाए गए थे, वे भी बंद पड़े हैं। बरसात में अगर पानी जमा हो गया तो किसानों की फसलें खराब हो सकती हैं। आंदोलन में शामिल अन्य किसानों रविंद्र सिंह, जोगिंद्र सिंह, सुखविंद्र सिंह, जसविंदर सिंह, दिलबाग सिंह, हरमीत सिंह, सुच्चा सिंह, मलकीत सिंह, अवतार सिंह, जरनैल सिंह, तकदीर सिंह, सरमोज सिंह और गुरबक्श सिंह ने भी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। इसके बाद किसानों और प्रशासन के बीच लगभग 1 बजे सहमति बनी, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। हालांकि किसानों ने साफ किया कि अगर इस बार भी प्रशासन ने केवल आश्वासन दिए और समाधान नहीं किया, तो अगली बार आंदोलन और अधिक उग्र होगा।

## जिला से दो युवतियां व महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 13 जून।** जिला में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां व एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में ढाणी काहन सिंह निवासी युवती के परिजनों ने बताया कि बीती 11 जून की दोपहर को उनकी बेटी किसी काम से गई थी, लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटी। उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। दूसरे मामले में गांव भरोखां निवासी युवती के परिजनों ने बताया कि बीती 11 जून को उनकी बेटी सिरसा जाने का कहकर घर से गई थी, लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटी। तीसरे मामले में गांव मौजूखेड़ा निवासी महिला के पति ने बताया कि बीती 12 जून की सुबह उसकी पत्नी किसी काम से घर से गई थी, लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटी। उन्होंने अपने स्तर पर आस पड़ोस व रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

## गर्मी के मौसम में पशुओं में बढ़ रही हीट स्ट्रोक व बंधे की बीमारी-तेज गर्मी, हरा चारा न मिलने व नई तूडी के प्रयोग से बढ़ी समस्या

**अमित वालिया, सतनाली**
राजस्थान की सीमा से सटे दक्षिण हरियाणा के सतनाली व आसपास के क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से चल रही गर्म हवाओं और बढ़ते तापमान ने लू का रूप लिया हुआ है। इसका दुष्परिणाम लोगों के अलावा पशुओं पर भी पड़ रहा है। तेज गर्मी के कारण पशु हीट स्ट्रोक का शिकार होकर बीमार हो रहे हैं। इस दौरान पशुओं में होने वाले डिहाइड्रेशन के कारण पशुओं का तापमान बढ़ रहा है। इसमें पशु चरना छोड़ रहे हैं और उनमें दूध की भी कमी हो रही है। देखा जाए तो सतनाली क्षेत्र सहित पूरे जिले में मई से ही तापमान में बढोतरी चल रही है। इस दौरान यहां का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। दूसरी ओर पशु हो या इंसान उनके लिए 37 डिग्री तापमान सामान्य माना जाता है। इससे ज्यादा तापमान बढ़ने पर पशु के एंजाइम काम करना कम कर देते हैं। इससे पशुओं का खाने पीने का रूटीन व स्वास्थ्य बिगड़ जाता है जिस कारण पशु बैचेन रहते है। जून माह में इंसान और पशु दोनों ही गर्मी से बेहाल हैं। इनमें इंसान तो ठंडा पानी या कूलर, एसी के सामने ठंडे स्थान पर बैठकर गर्मी से राहत ले लेते हैं। मगर पशुओं के लिए इस समय हरा चारा मिलना भी बंद हो जाता है। ऊपर से नई निकली तूड़ी उनके लिए बंधे का कारण बन रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बंधे की बीमारी से पीड़ित दो से तीन पशु प्रतिदिन पशु चिकित्सकों के पास उपचार के लिए आ रहे है जबकि सामान्य दिनों में इस तरह की कोई दिक्कत नहीं होती।

पशुओं में हीट स्ट्रोक और बंधे के लक्षणः-
हीट स्ट्रोक की बीमारी वाले पशुओं में उनका तापमान बढ़ जाता है। उनका दूध की मात्रा घट जाती है। ऐसे में पशु चरना छोड़ देता है। पशु में पानी की कमी के कारण आंखों का पानी सूख जाता है। अगर पशु की खाल को ऊपर की ओर खींचकर देखें तो उसके निशान कई देर तक पशु की खाल पर रहते हैं। वहीं बंधे की बीमारी में पशु गोबर करना बंद कर देता है। वह पशु चरना छोड़ने के अलावा दूध भी देना बंद कर देता है। ऐसे में पशु बिना खाए पिए कमजोर होना शुरू हो जाता है। तथा कई बार उपचार के अभाव में उसकी मौत तक हो जाती है।

बचाव के तरीकेः-
पशु चिकित्सकों के अनुसार पशु को गर्मी के मौसम में ठंडे स्थान पर बांधना चाहिए। अगर हो सके तो उसके ऊपर पंखा या कूलर लगाकर रखना चाहिए। जहां तक संभव हो पशु को हरा चारा ही खिलाएं या नई तूड़ी की बजाए पुरानी तूड़ी खिलानी चाहिए। दिन में पशु को तीन चार बार पानी पिलाएं और सुबह शाम सूरज निकलने से पहले और सूरज ढलने के बाद नहाना चाहिए। पशु को सप्ताह में एक या दो बार 50-50 ग्राम मीठा सोडा जरूर खिलाएं। अगर पशु को लू लग जाती है तो तुरंत अपने नजदीकी पशु अस्पताल में ल्यूड थेरेपी करनी चाहिए। अगर पशु को बंधा पड़ जाता है तो उसका अनीमा कराएं।

## आईकू जेड10 लाइट 18 जून को होगा लॉन्च

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**हिसार, 13 जून।** आईकू, 18 जून को अपना नया फोन आईकू जेड10 लाइट 5जी लॉन्च करने जा रहा है। यह फोन खासतौर पर स्टूडेंट्स और ऐसे लोगों के लिए बनाया गया है जिनकी लाइफस्टाइल काफी ऐक्टिव है। आईकू जेड10 लाइट आपके रोजमर्रा के कामों को आसानी से संभाल सकता है चाहे वह ऑनलाइन क्लास अटेंड करना हो, दोस्तों और परिवार से जुड़े रहना, वीडियो देखना, रील्स स्क्रॉल करना,



चलते-फिरते गेम खेलना या फिर एक साथ कई ऐप्स का इस्तेमाल करना। इसमें मिलती है लंबे समय तक चलने वाली बैटरी और तेज 5जी कनेक्टिविटी, ताकि आप दिनभर बिना किसी रुकावट के पढ़ाई और एंटरटेनमेंट का मजा ले सकें।

6000एमएएच की जबरदस्त बैटरी के साथ, जेड10 लाइट 5जी आपको देता है ज्यादा समय तक परफॉर्मेंस, वो भी बिना फोन को भारी बनाए। आईकू जेड10 लाइट अपने सेगमेंट का सबसे बड़ी बैटरी वाला 5जी स्मार्टफोन भी है। चाहे क्लास अटेंड करनी हो, असाइनमेंट्स पूरे करने हों, कॉन्टेंट ब्राउज करना हो या दोस्तों से जुड़े रहना इसकी बैटरी पूरे दिन की अलग-अलग जरूरतों को आराम से पूरा कर सकती है।

इसमें है मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 5जी प्रोसेसर जो कि बेहद पावर-एफिशिएंट 6एनएम चिपसेट और अपग्रेडेड ऑक्टा-कोर आर्किटेक्चर के साथ आता है। आईकू जेड10 लाइट आपको देता है स्मूद और लैग-फ्री मल्टीटास्किंग का एक्सपीरिएंस।

इस डिवाइस में 50एमपी का सोनी एआई मेन कैमरा है, साथ में 2एमपी का सेकेंडरी लेंस भी दिया गया है जो बैकग्राउंड को ब्लर करने के लिए काम आता है। इसमें 5एमपी का फ्रंट कैमरा भी है, जो रोजाना की फोटोग्राफी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा, यह फोन कई एआई बेस्ड टूल्स के साथ आता है जो फोटो एडिटिंग और दूसरे कामों में मदद करते हैं। एआई इरेज से आप फोटो में से चुनी हुई चीजों को हटा सकते हैं, एआई फोटो एन्हांस चेहरे को और साफ दिखाने और पुरानी या ब्लर फोटोस को बेहतर करने के लिए है।

## प्राचीन श्री शनिधाम में हुआ आरती उत्सव-भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 13 जून।** नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री शनि धाम में बाबो सा भगवान का आशीर्वाद एवं आरती उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बाबो सा भगवान की परम अराधिका मंजू बाईसा विशेष रूप से आई। मंदिर में स्थापित भगवान बाबो सा महाराज के स्वरूप के समक्ष बाईसा ने ज्योत प्रज्जवलित कर बाबो सा भगवान की आरती की और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मंजू बाईसा ने बाबो सा भगवान की सवा तीन फुट की सात प्रतिमाएं भक्तों को उपहार स्वरूप भेंट की। इस अवसर पर बाबोसा के भक्तों ने भजनों के माध्यम से उनकी महिमा का गुणगान किया। प्राचीन श्री शनि धाम मंदिर में आने पर श्री शनिदेव मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों चंद्रमोहन भृगुवंशी, आनंद भार्गव, गौरव जैन, मनोज जैन, योगेश भार्गव, दीपक भार्गव, राजन, गौरव भार्गव व अन्य ने फूलमालाएं भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर भजन मंडली द्वारा बाबो सा भगवान पर आधारित विभिन्न भजन गाए, जिन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमते रहे। परम उपासिका मंजू बाईसा ने भी जीर्णोद्धार के बाद बने सिरसा के प्राचीन शनि धाम परिसर की सराहना की।

## गेहूं के 7 गट्टे चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 13 जून।** गांव करीवाला में चोरों ने एक किसान के घर में बीज के लिए रखे गेहूं के 7 गट्टे चोरी कर लिए।
पुलिस को दी शिकायत में बलदेव सिंह ने बताया कि उसने अपने घर में बीज के लिए 10 गट्टे रखे हुए थे। बीती 10 जून की रात्रि को परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। देर रात्रि को चोरों ने 10 में से 7 गट्टे चोरी कर लिए। सुबह परिवार के लोग उठे तो घटना का पता चला। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

# सिरसा के समग्र विकास को दशार्ती पेंटिंग का एडीसी ने किया लोकार्पण

## जिला के राजकीय स्कूलों में आयोजित करवाई गई थी पेंटिंग प्रतियोगिता- जिला स्तर पर 200 से ज्यादा कलाकृतियों के आधार पर तैयार हुई है यह पेंटिंग



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 13 जून।** अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में सिरसा के समग्र विकास को दशार्ती पेंटिंग का लोकार्पण किया। जिले के राजकीय स्कूलों में आयोजित करवाई गई पेंटिंग प्रतियोगिताओं के आधार पर 200 से ज्यादा कलाकृतियों के आधार पर यह पेंटिंग बडागुढ़ा स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कला अध्यापिका प्रवीण रानी के नेतृत्व में छात्रा निशा व प्रियंका द्वारा तैयार की गई है।

पत्रकारवार्ता में एडीसी ने बताया कि सिरसा के बारे में स्टूडेंट्स के विचार पेंटिंग के माध्यम से मांगे गए थे, जिसके बाद 200 से अधिक स्टूडेंट्स ने पेंटिंग के जरिए सिरसा के विभिन्न पहलुओं को दशार्या। उन्होंने बताया कि इस कलाकृति में सबसे ऊपर लड़ाकू विमान को दशार्या गया है, जो सिरसा एयरफोर्स स्टेशन की हवाई ताकत को दशार्ता है। इसके बाद एस शब्द से किन्नू व सिरसा की बागवानी को शामिल किया है। आई शब्द से सरसाई नाथ मंदिर को दशार्या गया है, क्योंकि सिरसा संत सरसाई नाथ जी की नगरी है। आर शब्द से हमारे किसानों की मेहनत को गेहूं-धान सहित अन्य फसलों की उन्नत खेती के रुप में दशार्या गया है। एस शब्द से सफेद झींगा के रूप में सिरसा की प्रसिद्धि दर्शाई गई है। हरियाणा में सबसे अधिक झींगा मछली उत्पादन सिरसा में है। ए शब्द से एजुकेशन स्पिरिट व खेल में हॉकी को दशार्या गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हॉकी में सिरसा के खिलाडियों की पहचान है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने लघु सचिवालय के सभागार में मीडिया से बातचीत में कहा कि जिले के विद्यार्थी सिरसा के बारे में क्या सोचते और जानते हैं, इसे पेंटिंग के रूप में तैयार करना था और इसी विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में स्कूलों से जिला स्तर पर 200 कलाकृति प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और विभिन्न विषयों पर जागरूकता बढाने के लिए एक्टीविटी करवाई जाती है। अतिरिक्त उपायुक्त ने यह भी कहा कि जिन विद्यार्थियों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया है, उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान सरसाई नाथ मंदिर के महंत सुंदराई नाथ, जिला शिक्षा अधिकारी वेद प्रकाश, जिला खेल अधिकारी जगदीप सिंह, किसान रणजीत सिंह, किन्नु उत्पादक तारा चंद, गेहूं उत्पादक कलम रोज, वरिष्ठ हॉकी कोच हरविंद्र आदि मौजूद रहे।

## रैली के माध्यम से रक्तदान के लिए किया प्रेरित



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 13 जून।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में नागरिक अस्पताल से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र कुमार भादू और प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को स्वेच्छा से रक्तदान के लिए प्रेरित करना रहा।

बीटीओ डॉ. समता और डॉ. आरके दहिया ने राजकीय एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की छात्राओं को खून से संबंधित विकारों और समय-समय पर रक्त की आवश्यकता के बारे में भी विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस 2025 की थीम ह्यरक्त दान कीजिए, आशा दीजिए और साथ मिलकर हम जीवन बचाएंगेह्ल है। किशोरावस्था परामर्शदाता कमल कक्कड़ और नेत्रदान परामर्शदाता राहुल शर्मा ने छात्राओं को शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ाने के उपाय, आयरन की गोलियां, एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन और नियमित योग के लाभों के बारे में बताया। उन्होंने मित्रता क्लीनिक में दी जाने वाली सुविधाओं से भी छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कैंसर, थैलेसीमिया, गंभीर दुर्घटनाओं और ऑपरेशन के मामलों में रोगियों को बार-बार रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। रक्तदान से एक नहीं बल्कि तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है, क्योंकि एक यूनिट खून को रेड ब्लड सेल्स, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स में बांटा जा सकता है।

## बिजली-पानी का संकट, प्रदर्शन



**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**

**चंडीगढ़, 13 जून।** मुख्यमंत्री आवास के सबसे नजदीक होने के बाद भी नयागाँव विवादों से घिरा रहता है और नयागाँव में जैसे जैसे आबादी बढ़ती जा रही है बिजली और पानी का संकट भी बढ़ता जा रहा है, आम जनता दिन ब दिन बिजली पानी के लिए तरसने को मजबूर नजर आ रही है।अधिकारियों को गुहार लगाकर आम जनता थक चुकी है हर बार आश्वासन मिलने के बाद भी कोई हल निकलता नजर नहीं आ रहा है हर दूसरे दिन बिजली की समस्या तैयार खड़ी है आम जन पानी की बूंद बूंद को तरस रहे है हफ्तों हफ्तों तक पानी नहीं आ रहा है जिस कारण से लोगो को टैंकर मंगवा मंगवा कर गुजारा करना पड़ रहा है, इसी परेशानी के चलते आदर्श नगर वार्ड न० 14 के नागरिकों ने सूरज काम्प्लेक्स के पास एकत्ररित होकर रोष प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोध किया।

लोगो का कहना है अगर ऐसे ही चलता रहा तो आने वाले कुछ दिनों में हम नयागांव बैरियर व मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे और उस समय सारा नयागांव एकजुट और इकट्ठा होगा।

समाज सेवक रवि बिष्ट का कहना है लोगो को सरकार से बहुत उम्मीदें थी और उसको देखकर ही जनता ने सरकार बनाई थी पर उसके विपरीत आज जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए सड़को पर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर नजर आ रही है।

## एन.डी.पी.एस.एक्ट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 13 जून।** जिला पुलिस की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार की अध्यक्षता में टीम द्वारा गांव रकबा जलमाना, करनाल से एक आरोपी बलबीर सिंह सिंह पुत्र दलबीर सिंह निवासी गांव ठरवा माजरा,करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से मौके पर 1.530 किलो ग्राम नशीला पदार्थ डोडा पोस्त बरामद किया गया। इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धाराओं के तहत थाना असंध में मामला दर्ज किया गया। व इस संबंध में आज आरोपी को माननीय अदालत के सम्मुख पेश किया गया व आरोपी से गहनता से पूछताछ के लिए मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## पंचायत उप-चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों के आसपास कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाई गई धारा-163

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**सोनीपत, 13 जून।** जिलाधीश डॉ० मनोज कुमार ने 15 जून को होने वाले पंचायत उप-चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने तथा मतदान केंद्रों के आसपास कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लगाने के आदेश जारी किए है। उन्होंने अपने आदेशों में कहा कि 15 जून को कथूरा ब्लॉक के गांव छिछड़ाना तथा गोहाना ब्लॉक के गांव जोली में सरपंच पद के लिए तथा गन्नौर ब्लॉक के गांव पांची जाटान में वार्ड नंबर-4 के पंच पद के लिए उप-चुनाव होगा।

उन्होंने अपने ओदशों में कहा कि चुनाव के दिन मतदान केन्द्र की 200 मीटर परिधि में पांच व पांच से अधिक लोगों के इकठ्ठा होने व घातक हथियार,फायर आर्म, गंडासा, किरपाण, चाकू, कुल्हाड़ी, जेली, लाठी आदि लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी। उन्होंने कहा कि आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अनुसार दंड का भागी होगा। उन्होंने कहा कि ये आदेश ड्यूटी पर तैनाम पुलिस व अन्य प्रशासनिक कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे।

## जन्मदिन पर पौधारोपण कर मेघोत बिंजा में किया एक पेड़ मां के नाम अभियान का आगाज

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**नारनौल, 13 जून।** मेरा भारत युवा केंद्र व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गांव मेघोत बिंजा के खेल परिसर में आज रिटायर्ड लेक्चरर लीलाराम सुपौत्र कनिष्क कैलोरिया के जन्मदिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कनिष्क को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी।

भारत सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संपूर्ण राष्ट्र पौधारोपण कर पर्यावरण बचाओ मुहिम में सहभागिता दर्ज करवा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए पेड़ लगाना आवश्यक है। पेड़ ऑक्सीजन का महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। पर्यावरण को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए पेड़ लगाना अनिवार्य है। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को 90 पौधे वितरित कर लोगों को वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाने की शपथ दिलवाई।

# विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने नहरी विभाग में किया प्रदर्शन

## बोले, कृषि विभाग में भ्रष्टाचार रोकने को उठाए जाएं कदम



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 13 जून।** भारतीय किसान एकता बीकेई के प्रदेशाध्यक्ष लखविंद्र सिंह के नेतृत्व में किसानों ने नहरी विभाग में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पूर्व उनके नेतृत्व में जाट धर्मशाला सिरसा में मीटिंग हुई जिसमें सिरसा व फतेहाबाद जिला के किसानों ने भाग लिया।

सर्वप्रथम अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। लखविंद्र सिंह ने कहा कि कई महीनों से किसान व आमजन पीने व सिंचाई के पानी की कमी से जूझ रहे हैं। हर साल 21 मई से नहरों की सप्लाई के शेड्यूल बदले जाते हैं, जो अभी तक नहीं बदला गया है। नहरों में पानी की कमी से हजारों किसानों की नरमे व ग्वार की बिजाई नहीं हो पाई है। नहरी विभाग तुरंत प्रभाव से दो सप्ताह सप्लाई व एक सप्ताह बंदीवाला शैड्यूल जारी करे, जिससे किसान अपनी फसलों को पाल सकेंव पीने की पानी की किल्लत दूर हो सके। ओटू हैड पर हिसार-घग्गर ड्रेन पर बने साइफन की रिपेयर जल्द की जाए, ताकि शेरांवाली पैरेलल, एसजीसी नहर व कुत्ताबढ़ माइनर में पानी की सप्लाई दी जा सके। ओटू हैड पर रिपेयर के नाम पर लंबे समय से हो रहे भ्रष्टाचार की स्वतंत्र जांच एजेंसी से जांच करवाकर इसमें शामिल अधिकारियों के पर विभागीय कार्रवाई करवाई जाए। एनजीसी नहर पर बनने वाले साइफन का निर्माण करवाया जाए। बायोफर्टिलाइजर के नाम पर किसानों से हो रही लूट व धोखाधड़ी को बंद करवाया जाए, डीएपी व यूरिया खाद की उपलब्धता बिना किसी टैगिंग के सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शासन से आग्रह किया कि वह कृषि विभाग में फैले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए भी उचित कदम उठाए।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से नाबालिग की मौत

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 13 जून।** शहर में एक नाबालिग लडके की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। इसकी सूचना शहर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल में पहुंचाया, जहां पर शुक्रवार दोपहर को शव का पोस्टमार्टम किया गया। यह घटना सिरसा शहर के थेहड़ मोहल्ला की है और चार दिन पहले की है। पुलिस ने मृतक के पिता रवि के बयान दर्जकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, नाबालिग राधेश्याम अपने घर की छत पर था और कबूतरों को उड़ा रहा था। वहीं राधेश्याम के घर के पास से हाईटेंशन लाइनें गुजर रही हैं। इसी दौरान वह बिजली की तारों की चपेट में आ गया और उसे करंट लग गया। करंट लगने के बाद परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में दाखिल करवाया, जहां पर उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं बिजली निगम से सिरसा सर्कल के एसई राजेंद्र सबरवाल ने बताया कि हमारी ओर से हाईटेंशन लाइनें हटाने का काम चल रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर लगाया गया योग प्रशिक्षण शिविर

## योग प्रशिक्षण शिविर में योग साधकों ने उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा के साथ लिया भाग





**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**सतनाली, 13 जून।** कस्बा स्थित शहीद पार्क में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन योग प्रशिक्षकों द्वारा आमजन को विभिन्न योग क्रियाएं करवाई गई तथा स्वस्थ शरीर के लिए योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में योग साधकों द्वारा उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा के साथ भाग लिया गया। शिविर का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की तैयारी के अंतर्गत किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन ध्यान और प्रार्थना से शिविर का शुभारंभ किया गया जिसके बाद प्रशिक्षित योग सहायक सविता द्वारा योग आसनों, प्राणायाम तथा योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। प्रतिभागियों को विशेष रूप से कपालभाति, अनुलोम-विलोम तथा ब्रह्म मुद्रा का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योग विशेषज्ञ गीता और मीरा ने दैनिक जीवन में योग के लाभ, मानसिक स्वास्थ्य पर योग के प्रभाव तथा सात्विक जीवनशैली अपनाने के विषय में व्याख्यान भी दिया। शिविर में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों की उपस्थिति ने वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। शिविर में सतनाली ब्लॉक के विभिन्न गांवों, संस्थानों एवं विद्यालयों से पंजीकृत योग प्रशिक्षकों एवं योग प्रेमियों ने भाग लिया। आयुर्वेद नोडल अधिकारी डां पुनीत भारद्वाज ने स्वच्छता, पर्यावरण जागरूकता एवं ह्यएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्यह्ल विषय पर विशेष चर्चा की तथा इन विषयों पर जागरूक किया। इस दौरान अनेक लोग मौजूद रहे।

# जन्मदिन पर डॉ. दीपक शर्मा ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 195 मरीजों की हुई जांच, अस्पताल के बाहर लगाई ठंडे मीठे जल की छबील



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**शाहाबाद मारकंडा, 13 जून।** शहर के लाडवा रोड स्थित सिद्धार्थ अस्पताल एवं हार्ट केयर सेंटर में प्रबंध निदेशक डॉ. दीपक शर्मा ने जन्म दिन पर सामाजिक सेवा की मिसाल पेश करते हुए एक विशेष निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। इस दौरान विभिन्न रोगों से ग्रस्त 195 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच करवा कर लाभ प्राप्त किया। डॉ. दीपक शर्मा ने बताया कि बढ़ती गर्मी के इस मौसम में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में समय पर जांच और परामर्श मिलना बेहद जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि जन्म दिन जैसे निजी अवसर को सेवा कार्य में बदलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनसेवा कार्य करते रहने का संकल्प लिया। इस विशेष चिकित्सा शिविर में एब्बोट हेल्थ केयर सेंटर की विशेषज्ञ टीम ने पहुंच कर मरीजों की निशुल्क शुगर जांच की। इसके अलावा सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी जांच, परामर्श और अन्य आवश्यक सलाह दी गई। शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा डॉ. अंजली शर्मा, डॉ. योगेश, डॉ. रोहित, नवीन शर्मा, रणजोत सिंह व आसित जेतली सहित नवीन डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी की टीम सक्रिय भूमिका में दिखाई दी। शिविर के दौरान अस्पताल के बाहर ठंडे मीठे जल की छबील भी लगाई गई। नर्सिंग स्टाफ ने पूरे जोश और सेवा भाव से राहगीरों व वाहन चालकों को रोक-रोक कर ठंडा जल पिलाया। भीषण गर्मी के बीच इस पहल ने लोगों को बड़ी राहत दी। छबील का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया और आयोजन की भरपूर सराहना की।

## युवक 5.90 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 13 जून।** शहर थाना डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान बस अड्डा क्षेत्र से एक युवक को 5.90 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार ने बताया कि एएसआई अशोक कुमार पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान बस अड्डा डबवाली के पास मौजूद थे। इस दौरान एक युवक बस अड्डा के अंदर से पैदल आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस पार्टी को सामने देखकर उक्त युवक घबराकर तेज कदमों से वापिस बस स्टेंड के अंदर जाने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 5.90 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान रॉकी उर्फ संदीप पुत्र भारत भूषण निवासी वार्ड नंबर 14 मंडी डबवाली के रुप में हुई। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## ऑनलाइन संयुक्त प्रॉस्पेक्टस 2025-26 का विमोचन



**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**

**चंडीगढ़, 13 जून।** उच्च शिक्षा निदेशालय, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा प्रकाशित संयुक्त प्रॉस्पेक्टस का विमोचन आज श्री राजीव वर्मा, आईएएस, मुख्य सचिव, यूटी चंडीगढ़, सुश्री प्रेरणा पुरी, आईएएस, सचिव शिक्षा और श्री रुबिंदरजीत सिंह बराड़, पीसीएस, निदेशक उच्च शिक्षा द्वारा किया गया।

पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से संबद्ध सरकारी और निजी तौर पर प्रबंधित सहायता प्राप्त कॉलेजों में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदकों के लिए विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में लगभग 21,500 सीटें उपलब्ध हैं।

## हीट वेव लू के चलते स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**नारनौल, 13 जून।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से हीट वेव लू के मद्देनजर एडवाइजरी जारी की है।

बढ़ती गर्मी को देखते हुए सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार ने आमजन से अपील की है कि अत्यधिक गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार व्यक्तियों के लिए अत्यधिक हानिकारक हो सकती है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी सरकारी व प्राईवेट अस्पताल में मरीजों की संख्या ओपीडी के आधार पर दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अत्यधिक गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, पानी की कमी, चक्कर आना, हीट स्ट्रोक आदि स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। बुजुर्ग, बच्चे, गर्भवती महिलाएं और पहले से बीमार लोग अधिक संवेदनशील होते हैं।

### लू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियाँ

□ अधिक मात्रा में पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें।
□ दिन के सबसे गर्म समय दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचें।
□ हल्के, ढीले, सूती और हल्के रंग के कपड़े पहनें।
□ बाहर निकलने से पहले सिर को टोपी, गमछा या छाते से ढककर रखें।
□ बाहर जाते समय पानी की बोतल साथ रखें।
□ बच्चों और बुजुर्गों को बंद गाड़ी में न छोड़ें।
□ जरूरतमंदों - बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों की विशेष देखभाल करें।
□ बासी या अधिक तले-भुने भोजन से परहेज करें।
□ घर में ठंडी, हवादार और छायादार जगह में रहें।
□ घरों में पंखा, कूलर आदि का उपयोग करें ठंडे पानी से स्नान करें।
□ अधिक थकान या भूखे पेट बाहर जाने से बचें।
□ छाछ, नींबू पानी, ओआरएस घोल आदि का नियमित सेवन करें।

**हीट वेव लू के लक्षण**

□ तेज बुखार,चक्कर आना या बेहोशी, तेज सिरदर्द, अत्यधिक पसीना या बिल्कुल पसीना न आना, तेज सांसें या हृदय गति में वृद्धि होना त्वचा का सूखना, लाल होना या गर्म होना, उल्टी, मितली या थकावट होना। यदि ऐसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क कर डा. से सलाह अवश्य लें।

**प्राथमिक उपचार में क्या करें:-**

□ व्यक्ति को छायादार या ठंडी जगह ले जाएं, ठंडे पानी से शरीर को पोंछें, पानी या ओआरएस घोल दें।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर टीमें गठित, मीटिंगों का दौर शुरू



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 13 जून।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन के कर्मचारी नेता खुशीराम की अध्यक्षता में आगामी 9 जुलाई 2025 की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर शुक्रवार को मीटिंग की गई जिसमें हड़ताल की तैयारी को लेकर टीमें गठित कर दी गई हैं। मंच का संचालन विजेंद्र कुमार सब यूनिट सचिव ने किया।

कर्मचारी नेता बाबूलाल व सुखदेव सिंह ने इस अवसर पर अपनी मांगों के सिलसिले में कहा कि कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, निजीकरण पर रोक लगाई जाए, स्थाई भर्ती की जाए, लाखों बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए, जनता को अच्छी सुविधा मिले, महंगाई पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, दुकानदार की तमाम मांगों को लेकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल ऐतिहासिक होगी। शुक्रवार को बैठक में सुरजीत सिंह बेदी, शीशपाल, भीम सिंह, नरेश, जयवीर, ओमप्रकाश, रविंद्र, सतपाल, भरत सिंह, अशोक कुमार, कुलदीप सिंह, रणसिंह व अन्य बिजली कर्मचारी भी मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री का निर्देश और रियल एस्टेट में पारदर्शिता की आवश्यकता

यदि 'घर' को 'भरोसे' से जोड़ना है, तो कानून, प्रशासन और निजी क्षेत्र को मिलकर उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करनी होगी – यही विश्वास इस क्षेत्र की असली बुनियाद बनेगा। उपभोक्ताओं का विश्वास और बिल्डरों की ईमानदारी साथ मिलकर ही एक जवाबदेह और न्यायपूर्ण आवास व्यवस्था की नींव रखी जा सकती है। रेरा को बिल्डरों के खिलाफ कठोर कदम, जैसे दंडात्मक कार्रवाई, जुमार्ना, बैंक खातों पर रोक, या पंजीयन रद्द करना, अंतिम उपाय के रूप में अपनाना चाहिए। इसके बजाय,पहले चरण में सुधारात्मक और नियामक उपायों पर ध्यान देना अधिक प्रभावी होगा।

प्रधानमंत्री मोदी जी ने हाल ही में हुई 'प्रगति' (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाईमली इम्प्लीमेनटेशन) बैठक में भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम (रेरा)के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि अधिनियम का सख्त अनुपालन परियोजनाओं की गुणवत्ता, समय पर डिलीवरी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे रेरा के तहत सभी रियल एस्टेट परियोजनाओं का अनिवार्य पंजीकरण करें और उपभोक्ता शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। भारत में घर केवल एक संपत्ति नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व का प्रतीक होता है–हर मध्यमवर्गीय परिवार का सबसे बड़ा सपना। लेकिन आज यह सपना रियल एस्टेट की उलझनों में फंसा हुआ है। अधूरी परियोजनाएं, कब्जे में देरी और लगातार बढ़ती शिकायतें लाखों गृह-क्रेताओं की नियति बन चुकी हैं। समय पर निर्माण न होने से न सिर्फ लागत बढ़ती है, बल्कि उपभोक्ता दोहरी मार झेलते हैं–किराए और होम लोन की। 'प्रगति' जैसे उच्च-स्तरीय ई-गवर्नेंस मंच पर इस मुद्दे का उभरना रियल एस्टेट क्षेत्र में व्याप्त गंभीर समस्याओं को रेखांकित करता है।

2016 में लाग ूरेरा का उद्देश्य रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, बिल्डरों की जवाबदेही और उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है। परंतु व्यवहार में रेरा अनेक चुनौतियों से घिरा है–सीमित अधिकार, जटिल अपील प्रक्रियाएं, सेवानिवृत नौकरशाहों की नियुक्ति, पेशेवर हितसाधकों एवं व्यवसाय विशेषज्ञों की कमी और राजनीतिक हस्तक्षेप इसके प्रभाव को कमजोर करते हैं।

बिल्डरों को असंवेदनशील नौकरशाही की प्रशासनिक बाधाओं, जटिल अनुमोदन प्रणाली, पक्षपातपूर्ण निर्णय और वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है, जिससे परियोजनाएं लटक रही हैं। परिणामस्वरूप, रेरा के तहत पंजीकृत परियोजनाएं कम हैं, लेकिन शिकायतें अधिक, जो इसके कमजोर क्रियान्वयन को उजागर करता है।

सराहनीय उद्देश्य के बावजूद रेरा की क्रियान्वयन क्षमता सीमित है। रेरा अधिकारियों के पास सीमित दंडात्मक शक्ति तो है, लेकिन उनकी सिफारिशों को लागू कराने का कोई ठोस तंत्र नहीं है। राज्य सरकारों द्वारा रेरा को गंभीरता से लागू न करने के कारण यह कानून निष्प्रभावी हो गया है। आदेशों की अवहेलना होने पर उपभोक्ता को वर्षों की कानूनी प्रक्रिया के लिए न्यायालय जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहता, और कई बार रेरा के वरिष्ठ अधिकारी ही आवंटियों को हाईकोर्ट जाने की सलाह देते हैं।

रेरा, बिल्डर का पंजीकरण रद्द होने की स्थिति में, आवंटितियों को संगठित करउनकी संस्था द्वारा शेष निर्माण कार्य पूरा करने की अनुमति दे सकता है। व्यावहारिक रूप से बिल्डर के सहयोग के बिना अनुभवहीन आवंटियों के लिए पंजीकृत संस्था बनाना और मार्टगेज भूसंपत्ति का पंजीकरण कराना कठिन होता है।यह प्रक्रिया प्रायः लालफीताशाही की जटिलताओं में उलझकर रह जाती है।

रेरा अक्सर अधूरे निर्माण कार्यों को बिना लाभ के पूर्ण करने का दायित्व राज्यों के अर्ध-शासकीय निकायों, जैसे गृह निर्माण मंडल, को सौंपता है। ये निकाय प्रायः रेरा के आदेशों का पालन नहीं करते, और शासन स्तर पर भी कोई प्रभावी हस्तक्षेप नहीं होता।

रेरा अक्सर आवंटियों के पक्ष में निर्णय देता है, लेकिन बिल्डर से राशि वसूलने में गृह खरीदारों को प्रशासनिक सहायता नहीं मिलती। क्रेता जिलाधिकारी कार्यालय में रिकवरी रेवेन्यू सर्टिफिकेट दाखिल कर वसूली शुरू कर सकता है, लेकिन यह प्रक्रिया बेहद धीमी और अप्रभावी है। जब सरकार स्वयं कर वसूली में असमर्थ है, तो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा ईश्वर के भरोसे ही रह जाती है। रेरा में पदस्थ पूर्व नौकरशाह भी क्रेताओं के हित में जिला प्रशासन पर अपने प्रशासनिक रसूख का उपयोग कर वसूली हेतु दबाव नहीं बनाते।

रेरा के प्रावधानों में एक महत्वपूर्ण विसंगति यह है कि अपीलीय अधिकरण द्वारा दिया गया निर्णय सिविल न्यायालय की डिक्री की तरह निष्पादनीय होता है, लेकिन रेरा में नियुक्त न्यायनिर्णायक अधिकारी को यह अधिकार प्राप्त नहीं है कि वह परिवाद की सुनवाई के बाद सिविल न्यायालय के समकक्ष निर्णय दे सके। यह विसंगति रेरा की प्रथम स्तर की कार्यवाही की प्रभावशीलता को सीमित करती है और आवंटितियों को त्वरित न्याय प्राप्त करने में बाधा उत्पन्न करती है।

रेरा को बिल्डर, आबंटी या रियल एस्टेट एजेंट से आवश्यक जानकारी मांगने और जांच करने का अधिकार है। जांच के बाद, यह दीवानी आदेश जारी कर सकता है, लेकिन आपराधिक कार्रवाई शुरू नहीं कर सकता । धोखाधड़ी के मामलों में पुलिस केस दर्ज करने के लिए आबंटियों को स्वतंत्र रूप से भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई करनी पड़ती है।

प्रधानमंत्री का रियल एस्टेट क्षेत्र में हस्तक्षेप सुधारों की दिशा में प्रेरणादायक और सकारात्मक कदम है। यह हस्तक्षेप रेरा के प्रभावी क्रियान्वयन, बिल्डरों की जवाबदेही सुनिश्चित करने, शिकायतों के त्वरित समाधान और गृह खरीदारों के लिए समयबद्ध मुआवजा प्रदान करने की दिशा में आशा जगाता है।

फिर भी, प्रशासनिक देरी, जटिल मंजूरी प्रक्रियाओं, और आपराधिक कार्रवाई की सीमाओं जैसे मुद्दों को दूर करने के लिए और अधिक समन्वित प्रयासों की जरूरत है। यह कदम एक महत्वपूर्ण शुरूआत है, लेकिनअभी लंबा सफर तय करना बाकी है। रेरा को सख्ती से लागू करने का केंद्र का निर्देश उपभोक्ता-हितैषी मंशा को दशार्ता है, लेकिन अब राज्यों की जिम्मेदारी है कि वे स्थानीय विकास प्राधिकरणों की जवाबदेही सुनिश्चित करें और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करें।

यदि 'घर' को 'भरोसे' से जोड़ना है, तो कानून, प्रशासन और निजी क्षेत्र को मिलकर उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करनी होगी – यही विश्वास इस क्षेत्र की असली बुनियाद बनेगा। उपभोक्ताओं का विश्वास और बिल्डरों की ईमानदारी साथ मिलकर ही एक जवाबदेह और न्यायपूर्ण आवास व्यवस्था की नींव रखी जा सकती है। रेरा को बिल्डरों के खिलाफ कठोर कदम, जैसे दंडात्मक कार्रवाई, जुमार्ना, बैंक खातों पर रोक, या पंजीयन रद्द करना, अंतिम उपाय के रूप में अपनाना चाहिए। इसके बजाय,पहले चरण में सुधारात्मक और नियामक उपायों पर ध्यान देना अधिक प्रभावी होगा। रेरा को बिल्डरों और क्रेताओं के बीच गांधीजी के अहिंसक, मध्यस्थता, और आपसी सुलह आधारित दृष्टिकोण अपनाकर रियल एस्टेट क्षेत्र में निष्पक्षता, पारदर्शिता, और विकास को बढ़ावा देना चाहिए। यह क्रेताओं के हितों की रक्षा के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास को प्रोत्साहित करेगा। सौहार्दपूर्ण समाधान और विश्वास बढ़ाने के लिए रेरा को चाहिए कि वह भू संपदा विशेषज्ञों के साथ समयबद्ध मध्यस्थता सत्र आयोजित करे, बिल्डरों को सुधार का अवसर दे, आपसी सहमति पर आधारित पंचायत-शैली के फैसलों से विवाद सुलझाए, और क्रेताओं व बिल्डरों के लिए रेरा नियमों हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाए।

(लेखक गांधी विचारों के अध्येता व समाज सेवी हैं )

# सोनम के बहाने स्त्री अधिकारों को कुचलने की कोशिश

**- सर्वमित्रा सुरजन**





इंदौर के नवविवाहित जोड़े राजा और सोनम रघुवंशी का मामला पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में है। पहले इस जोड़े के मेघालय में लापता होने की खबर मिली। पुलिस ने जांच की तो एक घाटी में राजा का शव मिला, जबकि सोनम की कोई खबर नहीं थी। लेकिन फिर अचानक सोनम उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के एक ढाबे में आधी रात को पहुंची और फिर वहीं से फोन पर अपने परिजनों से बात की। पुलिस ने सोनम को हिरासत में लिया, क्योंकि उसे शक था कि सोनम ने ही राजा की हत्या करवाई है। मेघालय पुलिस ने पूरी जांच की और इस निष्कर्ष पर पहुंची कि यह प्रेम त्रिकोण का मामला था। इंदौर के हनीमून केस पर सोशल मीडिया में एक भयावह टिप्पणी पढ़ने मिली। लिखा था कि औरत को आजादी देने का अंजाम देख लिया। अब समझ में आया कि पहले औरतों पर अंकुश लगाकर क्यों रखा जाता था।

दरअसल यह उसी मनुवादी सोच से निकला विचार है जिसमें औरत को पहले पिता, फिर पति और बाद में बेटे के आश्रित रखा जाता है। महिला का अपना स्वतंत्र अस्तित्व न हो, यह बात पुरुष सत्तात्मक समाज के लिए एकदम उपयुक्त रहती है। क्योंकि जहां स्वतंत्रता रहेगी, वहां अपनी जिम्मेदारी खुद लेने का जज्बा भी दिखाया जाएगा, साथ ही अपने लिए अधिकार भी मांगे जाएंगे। यह सारी बातें अधिकतर पुरुषों के लिए दुस्वप्न है कि उनके सामने महिला इस तरह की बराबरी दिखाए। समाज में इसी बात को सामान्य मान लिया गया है कि पुरुष स्त्री का सम्मान तो करे, लेकिन अपने से निचले पायदान पर रखकर। अगर स्त्री को बराबरी पर रखा जाएगा तो फिर वह और आगे निकलने की ख्वाहिश रखेगी, ये डर पितृसत्तात्मक समाज की संरचना में गूंथ दिया गया है। यही डर हनीमून केस में बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है।इंदौर के नवविवाहित जोड़े राजा और सोनम रघुवंशी का मामला पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में है। पहले इस जोड़े के मेघालय में लापता होने की खबर मिली। पुलिस ने जांच की तो एक घाटी में राजा का शव मिला, जबकि सोनम की कोई खबर नहीं थी। लेकिन फिर अचानक सोनम उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के एक ढाबे में आधी रात को पहुंची और फिर वहीं से फोन पर अपने परिजनों से बात की। पुलिस ने सोनम को हिरासत में लिया, क्योंकि उसे शक था कि सोनम ने ही राजा की हत्या करवाई है।मेघालय पुलिस ने पूरी जांच की और इस निष्कर्ष पर पहुंची कि यह प्रेम त्रिकोण का मामला था। ऐसा नहीं है कि इस देश में प्रेम त्रिकोण के मामले पहले हुए ही नहीं, या उनमें हत्या जैसा अतिरेक भरा कदम नहीं उठाया गया हो। लेकिन अक्सर इनमें स्त्री पीड़ित रहती थी, उसे मारा जाता था, तो इसमें समाज को कुछ असामान्य नहीं लगा।

अब बीते कुछ समय से लगातार ऐसी खबरें आ रही हैं कि पत्नी ने पति की हत्या करवाई है, जिन्हें समाज अब अपने लिए बड़ी चेतावनी की तरह देख रहा है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के डेटा और विभिन्न राज्य क्राइम रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले पांच सालों में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार जैसे पांच राज्यों में कुल 785 ऐसी घटनाएं दर्ज की गई हैं, जहां पत्नियों ने अपने पतियों की हत्या की या हत्या करवाई है। हालांकि कितने पतियों ने इसी तरह अपनी पत्नियों का कत्ल किया या करवाया होगा, इसके आंकड़े नहीं हैं। दहेज हत्याओं के आंकड़े जरूर दर्ज किए जाते हैं। वर्ष 2017 से 2021 के बीच ही देशभर में 35,493 महिलाओं की मौत दहेज हत्या के कारण हुई, यानी हर दिन कम से कम 20 वधुएं मारी गई हैं। दहेज हत्या में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान देश में अग्रणी रहे हैं।

कायदे से जितनी चिंता 785 मौतों पर की जा रही है, उतनी ही 35 हजार मौतों पर भी होनी चाहिए। लेकिन समाज यहां भी भेदभाव का नजरिया रखता है। मरने वाली स्त्रियां हैं, तो यह दुखद है, सामाजिक समस्या भी है, लेकिन चेतावनी की बात नहीं है। लेकिन मरने वाले पुरुष हैं तो फिर सारा सामाजिक विमर्श ही बदल जाता है। असल में वैवाहिक संबंध की यह परिणति पूरे समाज के लिए चिंता की बात होनी चाहिए। समाजशास्त्रियों को अब विवाह संस्था पर नए सिरे से अध्ययन की जरूरत है कि आखिर इसमें कहां चूक हो रही है कि एक पक्ष इस सीमा तक पहुंच जाए कि अपने जीवनसाथी की हत्या कर दे। सोनम रघुवंशी पर आरोप अभी सिद्ध नहीं हुआ है, इससे पहले कुछ प्रकरण ऐसे सामने आए हैं, जिनमें महिलाओं ने अपने पुरुष साथी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। जाहिर है ये जघन्य अपराध है और उसे इसी नजरिए से देखा जाना चाहिए। हत्या की जो सजा पुरुष के लिए होती है, वही स्त्री के लिए भी होती है। मगर जिन मामलों में महिलाएं दोषी होती हैं, उसके लिए पूरे स्त्री समाज को जिम्मेदार ठहराना क्या उचित है। लेकिन ऐसा लगता है मानो स्त्रियों को फिर से बंधन में डालने के लिए मौकों को तलाशा जा रहा है। हनीमून केस या नीले ड्रम में पति की लाश जैसे प्रकरण इन मौकों को बना रहे हैं। यहां गौर करने वाला एक पहलू यह है कि जो इंसान पेशेवर अपराधी नहीं होते, वे किस तरह इतने भयावह योजनाबद्ध तरीकों से ऐसी हत्याओं को अंजाम देते हैं, इसके पीछे कौन से मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कारण हैं, इनकी भी पड़ताल होनी चाहिए। लेकिन अफसोस है कि इन घटनाओं को केवल स्त्री बनाम पुरुष के खांचे में फिट कर देखा जाता है।

सोनम रघुवंशी मामले में मीडिया की भूमिका पर भी विचार होना चाहिए। पहले अपराध कथाएं मनोहर कहानियों जैसी पत्रिकाओं में प्रकाशित होती थीं और घरों पर अमूमन उन्हें बच्चों से दूर रखा जाता था कि ऐसी बातों का बुरा असर उनके नाजुक मन पर पड़ता है। लेकिन अब मुख्यधारा और सोशल दोनों तरह के मीडिया में यही प्रकरण छाया हुआ है। मुख्यधारा के मीडिया में अपराध की खबरों के लिए अलग बुलेटिन होता है, लेकिन जब देश-समाज के अन्य जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाना हो तो ऐसी खबरें चटखारों के साथ प्रस्तुत करना फायदेमंद होता है। मीडिया के माइक्स शिलांग के जिस गेस्ट हाउस में सोनम-राजा रघुवंशी ठहरे थे, वहां से लेकर सोनम के कथित मित्र राज कुशवाहा के घर तक ठूंसे जा चुके हैं। एक वीडियो आया है जिसमें राज कुशवाहा की मां अपील कर रही है कि पत्रकार उनके घर के भीतर इस तरह न आएं, लेकिन टीआरपी के गिद्धों की दृष्टि अपने शिकार पर लगी हुई है। इसी मीडिया ने सोनम को पुलिस के कहने के पहले ही अपराधी साबित करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी थी। जब राजा रघुवंशी की मां कह रही थी कि जांच पूरी होने दी जाए, हमें नहीं लगता कि सोनम ने ऐसा कुछ किया होगा, तब भी मीडिया सोनम को अपराधी बना चुका था। मीडिया ट्रायल का यह सिलसिला देश में लगातार जारी है और इस पर कोई अंकुश नहीं लग रहा यह चिंता की बात है।

उधर सोशल मीडिया पर चटखारों के साथ इस प्रकरण पर रील्स, मीम्स न जाने क्या-क्या परोसा जा रहा है। कोई सलमान खान का उदाहरण दे रहा है कि इसलिए भाई अकेले रहते हैं, कोई हम दिल दे चुके सनम के दृश्य दिखा रहा है। एक गंभीर घटना पर ऐसा ओछा रवैया दिखा रहा है कि समाज से संवेदनशीलता कितनी तेजी से खत्म होती जा रही है। खुद राजा रघुवंशी की बहन, जो कि सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर कही जाती है, उसने राजा की शादी की तैयारियों के कई वीडियो और रील्स पोस्ट किए, साथ ही उसके साथ पार्श्व में संगीत देकर अपने दिवंगत भाई को याद किया। एक बहन ने अपने भाई को असमय खोया है, यह बड़ा दुख है, लेकिन क्या इस मौके पर भी सोशल मीडिया को जरिया बनाकर भावनाएं प्रकट की जानी चाहिए, यह सोचने वाली बात है। तमाम सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स स्त्री स्वतंत्रता को लेकर की गई भद्दी टिप्पणियों से भरे हुए हैं, जिन्हें देखकर चिंता होती है कि स्त्री अधिकारों के लिए जो अथक संघर्ष किया गया है, कहीं इन घटनाओं की आड़ लेकर उसे खारिज न किया जाए।आखिरी बात, सोनम से मिलकर लौटे उसके भाई गोविंद ने राजा की मां से गले लगकर दुख प्रकट किया और पूरे परिवार से माफी मांगते हुए कहा कि उनकी बहन ने गलत किया है, मगर मैं अब से आपके परिवार का हिस्सा हूं। राजा की मां ने भी कहा है कि इसमें गोविंद की कोई गलती नहीं है। अमूमन ऐसे प्रकरण के बाद दो परिवारों में आजीवन कड़वाहट कायम हो जाती है। यहां आगे क्या होगा, यह कहा नहीं जा सकता। मगर इस समय जो बड़प्पन, माफी मांगना और माफ करने की उदारता दिखाई गई है, वह समाज में आगे अच्छा होने की उम्मीद बंधाती है।

# नौपता के बाद झुलसता जीवन

मान्यता है कि भारत में नौपता के दिनों में सबसे अधिक गर्मी पड़ती है। यह बात अलग है कि इस बार नौतपा के नौ दिनों ने अधिक नहीं सताया। नौतपा खत्म होने के बाद पड़ रही गर्मी ने हाल-बेहाल कर दिया है। नौतपा पर कहावत है,"तपै नवतपा नव दिन जोय, तौ पुन बरखा पूरन होय"। इसका अर्थ है कि यदि नौतपा के नौ दिन खूब तपते हैं, तो बारिश अच्छी होगी।

यह एक अवधि है मानी जाती है। अब तक का यह शाश्वत सत्य है कि जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तो गर्मी अपने चरम पर होती है। यह कहावत नौतपा के गर्मी के प्रभाव और उसके मानसून पर पड़ने वाले प्रभाव के बीच सीधे संबंध को रेखांकित करती है। देश का किसान इस कहावत पर विश्वास करता है। उसका दृढ़ विश्वास होता है कि नौतपा के दौरान अगर अच्छी गर्मी हो तो मानसून के दौरान अच्छी बारिश होगी।

नौतपा पर एक अन्य मारवाड़ी कहावत है, "दोए मूसा, दोए कातरा, दोए तिड्डी, दोए ताव । दोयां रा बादी जल हरै, दोए बिसर, दोए बाव।" अर्थात पहले दो दिन लू न चले तो चूहे अधिक होंगे । दूसरे दो दिन हवा न चले तो कातरे (फसलों को नष्ट करने वाले कीट) बहुत होंगे । तीसरे दो दिन हवा न चले तो टिड्डी दल के आने की आशंका रहती है । चौथे दिन हवा न चलने पर बुखार आदि रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है । पांचवें दो दिन हवा न चलने पर अल्प वर्षा होती है। छठे दो दिन लू न चले तो जहरीले जीव-जन्तुओं (सांप-बिच्छू आदि) की बहुतायत हो जाती है। सातवें दो दिन हवा न चले तो आंधी चलने की आशंका रहती । सरल अर्थ में सार यह है कि अधिक गर्मी पड़ने से चूहों, कीटों व अन्य जहरीले जीव-जन्तुओं के अंडे समाप्त हो जाते हैं, क्योंकि यह उनका प्रजनन काल होता है ।

इस समय लगभग सारा देश गर्मी से झुलस रहा है। कुछ राज्य बरसात होने से राहत महसूस कर रहे हैं। झुलसाती गर्मी रात को भी पीछा नहीं छोड़ रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग के आज सुबह के पूवार्नुमान ने तो डरा ही दिया है। इसमें साफ कहा गया है कि अगले चार दिन तक उत्तर-पश्चिम भारत में बढ़ते अधिकतम तापमान से कोई राहत मिलने के आसार नहीं हैं। हालांकि उसके बाद धीरे-धीरे दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने से गर्मी से राहत मिल सकती है। इसके अलावा अगले दो से तीन दिन के दौरान मध्य और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इस समय देश की राजधानी दिल्ली भी भीषण गर्मी से कराह रही है। 10 जून को तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। आज अधिकतम तापमान के 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का पूवार्नुमान लगाया है। नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद जैसे पड़ोसी शहर भी गर्मी के प्रकोप से अछूते नहीं हैं। कल यानी 10 जून को तो पंजाब के भटिंडा में अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इसके उलट महाराष्ट्र के नांदेड़ में न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 16 जून तक पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों में गर्म हवाएं चलने का पूवार्नुमान जारी किया है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश भी तप रहा है। पंजाब, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तरी मध्य प्रदेश को 12 जून को भी झुलसाने वाली हवा से छुटकारा मिलने के आसार नहीं हैं। पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, पंजाब और हरियाणा में सूरज आग उगल रहा है।

वैज्ञानिकों को मौसम में बदलाव 16 जून से शुरू होने की उम्मीद है। मगर कुछ जगह इससे पहले ही कुछ राहत मिल सकती है। मसलन उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में 12 जून से ही गरज के साथ बादल जमकर बरस सकते हैं।

हालांकि देश के अलग-अलग हिस्सों में जारी चक्रवाती प्रसार व हवाओं के ट्रफ से आंध्र प्रदेश, तटीय कर्नाटक, आंतरिक कर्नाटक, केरल और माहे, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल और तेलंगाना के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका जताई गई है। इन सभी राज्यों में 64.5 से 115.5 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है।

असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के साथ भारी बारिश के बीच आसमानी बिजली गिरने के आसार हैं।

# आपदा में एक और अवसर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने आवास पर भारत के आउटरीच कार्यक्रम के लिए कई देशों की यात्रा करने वाले प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मुलाकात की। फिलहाल यह कहा नहीं जा सकता कि प्रधानमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडलों की यह मुलाकात अनौपचारिक थी या औपचारिक। क्योंकि कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने खुद कहा है कि यह बिल्कुल औपचारिक मुलाकात नहीं थी। हम लोगों ने जो रिपोर्ट प्रधानमंत्री को दी, वो उन्होंने प्रस्तुत भी नहीं की। गौर करने वाली बात यह है कि शशि थरूर ने यह जिक्र खेद के साथ नहीं बल्कि प्रसन्नता के साथ किया।

प्रधानमंत्री के आवास पर हुए इस मेलजोल कार्यक्रम का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें श्री मोदी के बगल में शशि थरूर दिखाई दे रहे हैं, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी भी प्रधानमंत्री से बातचीत करते दिख रहे हैं, वहीं, आनंद शर्मा और सलमान खुर्शीद के साथ श्री मोदी मुस्कुराते हुए मिलते नजर आ रहे हैं। पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद के साथ तो ठहाके लगाते तस्वीरें आई हैं। चंद कांग्रेस नेताओं से इस अंदाज में प्रधानमंत्री मोदी क्यों मिल रहे हैं, यह सवाल अब उठने लगे हैं। हो सकता है कि उनकी अन्य दलों के नेताओं से भी इसी तरह हंसी-खुशी भेंटवार्ता हुई हो, लेकिन उनके वीडियो-तस्वीरें इतने वायरल क्यों नहीं किए गए, ये भी सोचने वाली बात है। वैसे सबसे अधिक विचारणीय पहलू तो यह है कि देश के मुखिया को इतने सांसदों के साथ हंसी-ठहाके लगाते, खाते-पीते देखकर पहलगाम पीड़ितों के दिलों पर क्या बीत रही होगी। वे तो अब तक इस इंतजार में थे कि आतंकवादियों को धरती के आखिरी छोर तक जाकर पकड़ कर लाने का ऐलान करने वाले श्री मोदी अपने वादे को पूरा करेंगे। लेकिन डेढ़ महीने बाद पीड़ितों के जख्म तो हरे ही हैं, और ऐसे में सरकारी हंसी-ठट्टा उनके जख्मों पर नमक के समान लग रहा होगा।पाठक जानते हैं कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 6-7 मई की आधी रात में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर प्रारंभ किया था, जो 10 मई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्ध विराम की सूचना के बाद समाप्त कर दिया गया।



## श्रीनगर में अटूट लंगर शुरू, अब 20 जून तक चलेगा लंगर: अश्वनी

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**इस्माईलाबाद, 13 जून।** मां धारी देवी समिति के तत्वावधान में चार धाम के यात्रियों के लिए श्री नगर में विशाल भंडारा लगाया जा रहा है। जानकारी देते हुए समिति के प्रधान अश्वनी ने बताया कि समिति के तत्वावधान में श्रीनगर में चार धाम के यात्रियों के लिए अटूट लंगर लगाया जाता है। यह लंगर सेवा 11 जून तक तक लगना था लेकिन गिरीश पेन्यूली के प्रयासों से 20 जून तक लंगर चलेगी मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि अन्न का दान सबसे बड़ा दान होता है। यह संस्था पिछले दो साल से यह पुण्य का काम कर रही है। भूखे व जरूरतमंद को भोजन उपलब्ध करवाना पुण्य का काम है। आज के युग में इस तरह कार्य करना जरूरी है। हमें इस तरह के आयोजनों से प्रेरणा लेकर श्रद्धा अनुसार सहयोग करना चाहिए। भंडारा श्रीनगर के गढ़वाल में महिला थाना के समीप लगया जाएगा। इसमें चार धाम के यात्रियों के लिए भोजन व ठहरने की व्यवस्था का पूरा प्रबंध किया जाता है। इस भंडारे में गिरीश यह अटूट लंगर मां धारी देवी की इच्छा तक चलेगा।

## तपती दोपहरी में जल सेवा सबसे बडा परमार्थ :धर्मबीर डागर

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 13 जून।** हरियाणा शुगरफैड के चेयरमैन धर्मबीर डागर ने कहा है कि बेजुवान पशुओं के लिए जल प्रबंध करना सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने राहगीरों के लिए तपती दोपहरी में जल सेवा संचालित करना सबसे बड़ा परमार्थ है। वह करनाल के सैक्टर चार के साथ लगती ग्रीन बैल्ट के पास वाटर कूलर और पशुओं के लिए होदी नुमा जल पात्र का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी तथा भाजपा नेता रमन जैन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पक्षियों और पशुओं के लिए जल का प्रबंध करना हमारी विरासत है। प्राचीन समय से ही छबील लगाने की परंपरा रही हैं। इस अवसर पर सभी ने सुखबीर गिल की सराहना की। समाजसेवी रमन ज्ैन ने बताया कि यहां पर गौ घाट के साथ पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई हैं। भाजपा नेता सुखबीर गिल ने कमलेश सीड्स एंड फटीर्लाइजर के सहयोग से की है। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर,पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, मंडल प्रधाान गौरव खुराना, एमसी सुभाष काम्बोज,पूर्व विधायक रमेश,महिपाल तोमर रमेश कादियान ,विजेंद्र रुहील, कृष्ण कुमार, ईश्वर जैन रमन जैन, प्रदीप दलाल, सहित तमाम लोग मौर्जूद थे।

## सिख पंथ की चढ़दीकला ओर गुरूद्वारों की सेवा संभाल के लिए गणमान्य लोगों ने दिए सुझाव

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 13 जून।** नौंवी पातशाही शीशगंज गुरूद्वारे में सिख पंथ की चढ़दीकला ओर गुरूद्वारों की सेवा संभाल को लेकर गणमान्य लोगों की एक बैठक आयोजित हुई। जिसका नेतृत्व हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के सदस्य प्रतिनिधि एवं सरपंच एसोसिएशन नीलोखेड़ी के प्रधान भूपेंद्र सिंह लाडी ने की। बैठक में नीलोखेड़ी, निगदू और इंद्री क्षेत्र व ग्रामीण इलाकों से भी गणमान्य ओर बुद्धिजीवी लोगों ने हिस्सा लिया। जिन्होंने सिख पंथ की मजबूती समेत कई मुद्दों पर अपने सुझाव दिए। मंच संचालन कथावाचक प्रगट सिंह ने किया। गुरूद्वारे में हुई मीटिंग के दौरान पंजाबी भाषा, स्कूलों की दुर्दशा, शिक्षा ओर स्वास्थय व्यवस्था में बदलाव लाने ओर इन्हें ओर ज्यादा बेहतर बनाने को लेकर सुझाव मांगे गए। पूजम के पूर्व सरपंच अमरजीत सिंह, खजान सिंह रमाना, गुरमुख सिंह गोरगड, कंवलजीत सिंह सिद्धपुर, अंग्रेज अंजनथली, मुख्तयार सिंह, गुरयाल कलरी, छबेग सिंह चोगवां, गुरबाज सिंह पटहेड़ा, ज्ञानी तखविंदर सिंह दरड़, हरमीत सिंह, पार्षद प्रतिनिधि लखविंदर, अशोक हांडा, सुखविंदर सिंह व बलबीर सिंह मारवाह ने सुझाव रखे। जिस पर मैनेजमैंट कमेटी के सदस्य प्रतिनिधि एवं सरपंच एसोसिएशन नीलोखेड़ी के प्रधान भूपेंद्र सिंह लाडी ने आश्वासन दिया कि इन सभी सुझावों को मैनेजमैंट कमेटी ओर प्रदेश सरकार के समक्ष रखा जाऐगा, ताकि इन पर कार्य करवाया जा सके। बैठक के दौरान जानकारी देते हुए प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी ने बताया कि पंजाबी भाषा को पूर्ण तौर पर लागू करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की जाऐगी। श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 साला शताब्दी समागम को पूरी दुनिया मे धूमधाम से बड़े स्तर पर मनाया जाना चाहिए, जिसमे प्रदेश सरकार भी अहम भूमिका अदा करें।

## ससुराल में पिटाई के बाद की युवक ने की आत्म हत्या

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 13 जून।** ससुराल में पिटाई से परेशान युवक ने सुसाइड कर लिया। वह अपने दोनों बच्चों से मिलने के लिए ससुराल पहुंचा था। वहां ससुरालवालों ने उसे पीटकर भगा दिया। मंगलवार रात घर आकर उसने घर के सामने पेड़ पर फांसी लगा ली। युवक का आरोप है कि भाई ने लव मैरिज की थी। आरोप है की फिर भी उसकी पत्नी का किसी दूसरे युवक से अफेयर है। वह उसी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही है। वहीं, पत्नी ने पति पर प्रताड ?ा के आरोप लगाए हैं और खुद को पीड़ित बताया है। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया है और पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

## उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने समाधान शिविरों की समीक्षा

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**नारनौल, 13 जून।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने आज लघु सचिवालय में हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों की प्रगति की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे नागरिकों द्वारा रखी गई प्रत्येक समस्या को पहले अच्छी तरह से समझें और उसके बाद उसका हर संभव निदान सुनिश्चित करें।

डॉ. भारती ने बताया कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा सरकार की यह एक अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सरकार के इन प्रयासों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाएं और यह सुनिश्चित करें कि इन शिविरों का अधिकतम लाभ आम जनता तक पहुंचे। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ आसानी से पहुंचाना और उनकी शिकायतों का मौके पर ही निवारण करना है।

## :श्री हेमकुंड साहिब सेवा सोसाइटी ने लगाई मीठे जल की छबील

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 13 जून।** गुरु हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर रात्रि कीर्तन समागम में नतमस्तक होने आई संगत की सेवा में श्री हेमकुंड साहिब सेवा सोसायटी कुरुक्षेत्र द्वारा मीठे जल और मिष्ठान के स्टाल लगा कर सेवा की गई। सोसायटी के प्रधान तेजेंद्र सिंह मक्कड़ ने बताया कि ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छट्ठी में इस गुरुपर्व पर देश-विदेश से भारी संख्या में संगत गुरु चरणों में नतमस्तक होने के लिए आती है। इसलिए सोसायटी द्वारा पिछले कई सालों से यह सेवा निरंतर जारी है। मक्कड़ ने कहा कि सोसायटी का मुख्य उद्देश्य मानवता की सेवा है। सेवा के लिए सोसाइटी का हर मेम्बर हाज़िर रहता है। इस मोके पर मेम्बर गुरविंदर पाल सिंह कालडा, बलबीर सिंह, गुरुदेव सिंह, अजीत सिंह, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना, दिलबाग सिंह, बलबीर सिंह, देवेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह भी सेवा में हाज़िर रहे।

# गुजवि ने दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई

### इच्छुक उम्मीदवार 19 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 13 जून।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अंडर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सिज में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 12 जून से बढ़ाकर 19 जून कर दी गई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सिज में दाखिले के लिए अब इच्छुक उम्मीदवार 19 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विद्यार्थियों में दाखिलों के प्रति जबरदस्त उत्साह है। विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के प्रति विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह है। विद्यार्थी संगठन गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मिले तथा उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के आय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। उन्होंने



विश्वविद्यालय प्रशासन से दाखिलों में आवेदन के लिए अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की। विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय ने अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा पहले से संचालित व नए शुरू किए गए सभी कोर्स उद्योग और बाजार की वर्तमान मांग के अनुरूप हैं। सभी कोर्स रोजगारोन्मुखी हैं तथा सभी कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप संचालित किए जा रहे हैं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि जिन विद्यार्थियों का अंतिम सेमेस्टर/वर्ष का परीक्षा परिणाम अभी लंबित है, ऐसे उम्मीदवार भी दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित कॉलम में ये उम्मीदवार रिजल्ट अवेटिड भर सकते हैं। ये उम्मीदवार काउंसलिंग की तिथि को अपने उत्तीर्ण प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। फिर भी यदि परिणाम घोषित नहीं होता है तथा किसी कोर्स में सीटें खाली रह जाती हैं, तो काउंसलिंग की तिथि को उनका दाखिला कर दिया जाएगा। इस संबंध में इच्छुक उम्मीदवार विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# गुरु नानक टैक्सी सर्विस ने गर्मी में बांटी राहत

### पिपली रोड पर लगाई ठंडे मीठे जल की छबील

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 13 जून।** गर्मी की भीषण तपिश में राहगीरों को सुकून देने के उद्देश्य से गुरु नानक टैक्सी सर्विस कुरुक्षेत्र द्वारा पिपली रोड स्थित कार्यालय के बाहर ठंडे मीठे जल की छबील का आयोजन किया गया। यह सेवा सिख पंथ के छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व को समर्पित रही। सेवा का शुभारंभ कुरुक्षेत्र आटो यूनियन के पूर्व प्रधान जगतार सिंह ने किया। पूर्व प्रधान जगतार सिंह ने इस नेक पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में



आमजन को राहत देने के लिए गुरु नानक टैक्सी सर्विस का यह प्रयास प्रेरणादायक है

। टैक्सी सर्विस के संचालक रविन्द्र सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य राहगीरों और वाहन चालकों को तपती गर्मी में राहत पहुंचाना है। सेवा के दौरान राह चलते लोगों को रोक-रोककर ठंडा मीठा जल पिलाया गया, जिससे सभी ने राहत की सांस ली और सेवा भावना की सराहना की। इस पुनीत कार्य में हरप्रीत सिंह, मनजीत सिंह, आशु मान, अमरजीत सिंह, रिंकू सैनी, करतार सिंह, मलकीत सिंह समेत टैक्सी सर्विस के अन्य सदस्यों ने तन-मन से सेवा निभाई। गर्मी में यह सेवा न केवल एक सामाजिक दायित्व की मिसाल बनी, बल्कि लोगों के दिलों को भी ठंडक पहुंचाई। इस अवसर पर गुरप्रीत सिंह, गुरनाम सिंह, दिलप्रीत सिंह, रूपमीत सिंह, हरमन सिंह, हरमीत सिंह व एकनूर सिंह सहित अन्य सेवादारों ने भी जल सेवा में योगदान देकर गुरु घर की परंपरा को निभाया।

# डाबरा माइनर के ऊपर प्रस्तावित सडक बनाने के मामला

### फ्रेंड्स कॉलोनी, जवाहर नगर व लाजपत नगरवासियों को सरकारी नोटिस जारी

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 13 जून।** हरियाणा सरकार द्वारा डाबरा माइनर के ऊपर सडक बनाने का काम जल्द शुरू होने के कारण विभाग व प्रशासन की ओर से फ्रेंड्स कॉलोनी, जवाहर नगर और लाजपत नगर वासियों को नोटिस जारी करने के बाद क्षेत्र वासियों का एक प्रतिनिधिमंडल आज प्रातः नलवा के विधायक रणधीर पनिहार से उनके निवास पर मिला व उन्हें पूरी घटना से अवगत करवाते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी दिया।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल पार्षद राजेश अरोड़ा, दीपक गौतम आदि ने बताया कि उन्हें जो नोटिस



जारी किये गये हैं, उनमें कहा गया है कि डाबरा माइनर के ऊपर सडक बनाने का काम शुरू किया जाना है। इस कारण आप सब अपना कब्जा हटा लें। क्षेत्र वासियों ने विधायक को बताया कि जबकि सच्चाई यह है कि जवाहर नगर और फ्रेंड्स कॉलोनी के सभी निवासी अपने-अपने अलॉटमेंट लेटर और रजिस्ट्री एरिया में काबिज है। कॉलोनी वासियों ने निवेदन किया कि उनकी 60 वर्षों से अधिक समय से रजिस्ट्री और अलॉटमेंट लेटर हैं। सरकारी कागजों व रिकार्ड के अनुसार उनकी सही तरीके से पैमाईश की जाए। साथ ही क्षेत्र वासियों ने कहा कि फालतू जगह पर सरकारी कार्रवाई के लिए सभी पूर्णतया सहमत हैं। पूरी बात को सुनने के बाद विधायक रणधीर पनिहार ने उन्हें पूरा आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में इसी क्षेत्र के पार्षद राजेश अरोड़ा, रामकुमार गोदारा, कृष्ण कुमार, दीपक गौतम, जगदीश सपड़ा, अनिल गर्ग, सुरेश गर्ग, उल्हास शर्मा, संदीप शर्मा, सुशील लेगा, सचिन चुघ सहित अन्य लोग भी शामिल रहे।

# एचटीएम थाना पुलिस पर मनमानी का लगाया आरोप

### कहा, अपनी मनमर्जी से मुकदमा दर्ज और खारिज कर रही है पुलिस

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 13 जून।** जय भीम आर्मी के चेयरमैन संजय चौहान ने आरोप लगाया है कि शहर के एचटीएम थाना में दो-दो कानून चल रहे हैं। एक देश का कानून और दूसरा पुलिस थाने का अपना कानून जिसके तहत पुलिस अपनी मनमर्जी से मुकदमा दर्ज और खारिज कर देती है और अपनी मर्जी ही किसी के खिलाफ झूठा मुकदमा भी दर्ज कर देती है।



आरोप है कि ऐसा ही एक मामला मोनिका कबीरपंथी के मामले में सामने आया है जिसमें पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर कार्यवाही करने की बजाय उसी के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया है। इसके साथ ही पुलिस ने संजय चौहान के खिलाफ भी झूठा और मनगढंत मुकदमा दर्ज किया है। संजय चौहान ने बताया कि सैक्टर 1-4 निवासी मोनिका के खिलाफ पीड़िता मोनिका कबीरपंथी ने जान से मारने, जातिसूचक गाली देने की शिकायत दी थी जिस पर पहले तो पुलिस ने उसकी शिकायत ही फाड़ दी थी और उसमें से जातिसूचक शिकायत को हटाकर दूसरी शिकायत देने की बात कही। इसके बाद पुलिस ने अपनी मनमर्जी से आरोपियों का पक्ष लेते हुए पीड़िता को ही प्रताड़ित करना शुरू कर दिया जिसके बाद इसकी शिकायत एसपी हिसार को की गई। इस मामले में एक अनुसूचित जाति के नेता द्वारा आरोपी पक्ष का साथ देने पर पीड़िता मोनिका कबीरपंथी ने सैक्टर 1-4 में स्किट (नाटिका) के माध्यम से ऐसे लोगों का मुंह काला करने की बात कही थी जिसमें संजय चौहान भी साथ थे। इसके बाद सैक्टर 1-4 निवासी आरोपी मोनिका ने तैश में आकर संजय चौहान व मोनिका कबीरपंथी के खिलाफ एचटीएम थाना में उसे जान से मारने की धमकी देने, उसका पीछा करने और उसका मोबाइल फोन छीनकर तोडने. का आरोप लगाते हुए शिकायत दी। एचटीएम थाना ने यह झूठी शिकायत तुरंत दर्ज कर- के पीड़ित पक्ष को ही प्रताड़ित करना शुरू कर दिया है जिससे स्पष्ट हो जाता है इस थाने में गरीब व अनुसूचित जाति के लोगों के लिए अलग कानून हैं और अमीर तथा दबंग लोगों के लिए अलग। संजय चौहान ने कहा कि पुलिस की यह मनमानी नहीं चलने दी जाएगी।

विभिन्न अनुसूचित जाति के संगठनों को एकजुट कर पीड़िता मोनिका कबीरपंथी को न्याय दिलाया जाएगा और पुलिस की इस भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ एचटीएम थाना के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा।

# समाधान शिविर के दौरान 4644 शिकायतों का हुआ समाधान

### -254 लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ने विभागाध्यक्षों को दिए निर्देश

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 13 जून।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए आरंभ किए गए समाधान शिविर के दौरान 13 जून तक जिला हिसार में कुल 6943 शिकायतें व मांग प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 1518 शिकायतें विभागों द्वारा अस्वीकृत की गई। बाकी 4669 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, जबकि 270 शिकायतें वर्तमान में लंबित हैं। तथा 200 शिकायतें नागरिकों के अनुरोध पर पुनः खोली गई हैं।



शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला समीक्षा बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने यह जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने विभागाध्यक्षों की बैठक लेकर उन्हें समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निपटान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने कहा कि अधिकतर लंबित शिकायतें जिला विकास एवं पंचायत विभाग, सिंचाई, पुलिस, बिजली, राजस्व तथा शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित हैं। अतः इन विभागों के अधिकारी गंभीरता के साथ लंबित शिकायतों का निपटान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, एएमसी प्रदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा 02 जूलाई को सभी बीएलओ को दिया जाएगा प्रशिक्षण: नगराधीश डॉ० अनमोल

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**सोनीपत, 13 जून।** जिलाधीश डॉ० अनमोल ने बताया कि चुनाव से संबंधित सभी कार्यों में बीएलओ की अहम भूमिका होती है चाहे वो मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य हो या पोलिंग बूथों के रेशनलाइजेशन का कार्य हो। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए बीएलओ को सभी पहलुओं की जानकारी होना बहुत ही जरूरी है, ताकि चुनाव से संबंधित सभी कार्य तय समय में सही प्रकार से पूरे हो सके। इसी के मद्देनजर मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा पंकज अग्रवाल ने शुक्रवार को वीसी के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा 02 जुलाई को सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें यह बताया कि उन्हें अपने से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो।नगराधीश ने बताया कि निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार चुनावी प्रक्रिया को ओर अधिक सरल बनाने के लिए जिला के सभी पोलिग बूथों का रेशनलाइजेशन किया जाएगा, जिसके तहत 1200 मतदाताओं पर एक पोलिंग बूथ बनाया जाएगा, जिसके हिसाब से मतदाता सूचि तैयार की जाएगी और जिले में नए पोलिंग बूथो का गठन किया जाएगा।

## एचएयू में लाठीचार्ज के विरोध में छात्र संगठनों ने किया प्रदर्शन



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 13 जून।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त छात्र मोर्चा के बैनर तले एसएफआई, डीएएसएफआई, एएसएपी छात्र संगठनों ने चौधरी चरण सिंह हिसार कृषि विश्वविद्यालय में 10 जून को विद्यार्थियों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में यूनिवर्सिटी के थर्ड गेट पर प्रदर्शन करते हुए एचएयू वीसी का पुतला फूंका। एसएफआई के यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष रोहित, डीएएसएफआई के प्रेसिडेंट सिमरन मुंडे व एएसएपी के प्रेसिडेंट भारत बराड़ ने बताया कि घटना उस समय हुई जब छात्र यूनिवर्सिटी की स्कॉलरशिप नीति में बदलाव के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। पहले 75% अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को स्कॉलरशिप मिलती थी, लेकिन अब इसे घटा कर सिर्फ 25% छात्रों तक सीमित कर दिया गया है। इस बदलाव से हजारों मेहनती छात्रों का हक छिन जाएगा, जिनकी मेहनत को अब नजर अंदाज किया जाएगा। सरकार से मांग करते हैं कि एचएयू के सभी विद्यार्थियों की मांगों को जल्द से जल्द माना जाए और लाठीचार्ज में सम्मिलित सभी प्रोफेसरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उन्हें सजा दी जाए और वीसी को तुरंत प्रभाव किया से बर्खास्त किया जाए। पुतला दहन करते समय अभिषेक अनिकेत सिंह, शुभम राणा, करण गाबा, सनी, गौरव मेहरा, जगतार सिंह, मोहित, साहिल, नसीब, आदित्य आदि मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर आज

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 13 जून।** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में आज शनिवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 9 बजे विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान परिसर में शुरू होगा, जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के साथ-साथ शहर की सामाजिक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी भी रक्तदान करने पहुंचेंगे। आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान (अस्पताल) के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. वैद्य राजेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा पुलिस के सब इंस्पेक्टर और समाजसेवी डॉ. अशोक कुमार वर्मा अपनी टीम के साथ विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि डायमंड रक्तदाता डॉ.अशोक कुमार वर्मा के विशेष सहयोग से यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य ही नहीं, शहर की अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी समाजसेवी महादान करेंगे। रक्त संग्रह का कार्य लोकनायक जय प्रकाश जिला नागरिक अस्पताल की टीम द्वारा किया जाएगा। कुलपति ने सभी से अपील की है कि वे इस रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य कार्य है, हमारे द्वारा दान की गई एक यूनिट रक्त से हम चार लोगों की जान बचा सकते हैं।

## योग का प्रचलन पूरी दुनिया में बढ़ा है: प्रो. सोमनाथ सचदेवा



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 13 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 21 जून को प्रातः 6 बजे पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कुवि के सीनेट हॉल में शुक्रवार को आयोजित बैठक में सभी डीन, निदेशक, अध्यक्ष, परीक्षा नियंत्रक, मुख्य सुरक्षा अधिकारी, प्राचार्य, मुख्य वार्डन, शाखा प्रमुख, उप रजिस्ट्रार, सहायक रजिस्ट्रार, अधीक्षक, उप अधीक्षक को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भागीदारी करने के लिए आह्वान किया व इसकी तैयारियों को लेकर समीक्षा की। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि योग का प्रचलन पूरी दुनिया में बढ़ रहा है। इसकी लोकप्रियता का एक मुख्य कारण यह है कि डॉक्टर भी मरीजों को योग के महत्व के बारे में सलाह दे रहे हैं। योग मन और शरीर दोनों को शांत और आराम देता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में एक लाख लोग भागीदारी करेंगे जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से लगभग 5 हजार की संख्या में लोग भागीदारी करेंगे। उन्होंने कहा कि 21 जून को प्रातः 5 बजे सभी लोग यूनिवर्सिटी में विभागवार फाइन आर्टस के पास एकत्रित होकर 6 बजे समय अनुसार ब्रह्मसरोवर पर आयोजित योग समारोह में पहुंचेगे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. संजीव अरोड़ा, प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रो. विवेक चावला, प्रो. पुष्पा रानी, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. उषा, कुटा प्रधान प्रो. दीपक राय बब्बर, प्रो. रीटा, प्रो. सुशीला चौहान, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. महावीर नरवाल, प्रो. ओमवीर सिंह, प्रो. कृष्णा, प्रो. संगीता, डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, डॉ. चेतन शर्मा, डॉ. आबिद अली, डॉ. सुखविन्द्र सिंह, कुंटिया प्रधान राजवंत कौर सहित सभी डीन, निदेशक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## मानव जीवन को परोपकार व श्रेष्ठ कर्म द्वारा सफल करें : डॉ. मिश्रा



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 13 जून।** जीते जी कुछ ऐसा कर जाओ कि मरने के बाद लोग उसको याद रखें। ऐसे ही डेरा सच्चा सौदा आश्रम के अनुयायी हरिंद्र कुमार इन्सां सुपुत्र गुलशन कुमार पिपली का मृत्यु उपरांत शरीर का दान उनकी बहन बिमला देवी, अशोक माटा बहनोई और भांजे सौरव ने जन कल्याण हेतु किया। श्रद्धांजलि भजन गाने के बाद और भगवान के सुमिरन के बाद श्रद्धा और भक्ति भाव पूर्ण मान सम्मान के साथ दिवंगत के शव को पानीपत मेडिकल कॉलेज में भिजवाया गया। दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए समर्थगुरु संघ हिमाचल के जोनल कोआर्डिनेटर और श्री दुर्गा देवी मन्दिर, पिपली के पीठाधीश डॉ.सुरेश मिश्रा, बाजीगर बादी सभा के प्रदेश अध्यक्ष सतपाल धर्मशौत, महेंद्र सैनी, सतपाल सैनी, राजकुमार इन्सां, पंकज बजाज इन्सां, गजेन्द्र सिंह रावत आदि मित्रों और परिवार के सदस्य मौजूद रहे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि मानव जीवन को परोपकार और श्रेष्ठ कर्म द्वारा सफल करना चाहिए।

## गुरुकुल के एनसीसी अधिकारी श्रवण कुमार बने मेजर



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 13 जून।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में बतौर एन.सी.सी. अधिकारी वर्ष 2007 से अपनी उत्कृष्ठ सेवाएं दे रहे श्रवण कुमार को एन.सी.सी. महानिदेशक, नई दिल्ली द्वारा मेजर पद पदोन्नत किया गया है। मृदुभाषी और बेहद सरल स्वभाव और हसमुख प्रवृत्ति के धनी श्रवण कुमार के मेजर बनने पर उनके परिवार एवं मित्रजनों में खुशी की लहर है और उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। कुरुक्षेत्र स्थित 10 हरियाणा बटालियन एन.सी.सी. कार्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में वीरवार को कमान अधिकारी कर्नल हरप्रीत सिंह व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल नीतेश कुमार द्वारा कैप्टन श्रवण कुमार को मेजर रैंक से अलंकृत किया। उनके प्रमोशन गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार एवं प्राचार्य सूबे प्रताप ने विशेष बधाई दी। ज्ञात रहे, मेजर श्रवण कुमार ने फरवरी 2010 में आफिसर ट्रेनिंग एकेडमी, काम्पटी, महाराष्ट्र से तीन माह का प्रशिक्षण ए-ग्रेड में पास किया और लेफ्टिनेंट बनें। इसके बाद वर्ष 2015 में एक माह के प्रशिक्षण के उक्त एकेडमी में ही ए-ग्रेड के साथ बेस्ट इन वैपन ट्रेनिंग, आल इंडिया रैंक -वन के साथ यह प्रशिक्षण लिया, वर्ष 2018 में उन्हें एन.सी.सी. महानिदेशालय द्वारा कैप्टन पद पर पदोन्नत किया गया। वर्ष 2023 में पुनः एक माह का प्रशिक्षण ए-ग्रेड के साथ पास किया और अब उन्हें मेजर पद पर प्रमोट किया गया। कैप्टन से मेजर बने श्रवण कुमार ने अपनी पदोन्नति पर गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत एवं एन.सी.सी. महानिदेशक का विशेष आभार व्यक्त किया है।

## रतिया में जैन संस्कार शिविर आयोजित



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 13 जून।** रतिया मंडी रोड स्थित जैन स्थानक में जैन संस्कार शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जैन धर्म के मूल्यों और सिद्धांतों के बारे में जानकारी दी गई। इस शिविर में रतिया के दो दर्जन बच्चों ने भाग लिया शिविर में जैन धर्म के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की गई और युवाओं को जैन धर्म के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर में जैन धर्म के मूल्यों और सिद्धांतों की जानकारी,जैन धर्म के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा , युवाओं को जैन धर्म के प्रति जागरूक करना, जैन धर्म के महत्व और इसकी प्रासंगिकता पर चर्चा व जैन धर्म के नियमों के बारे में बच्चों को बताया गया। इस शिविर का उद्देश्य जैन धर्म के मूल्यों और सिद्धांतों को युवाओं तक पहुंचाना और उन्हें जैन धर्म के प्रति जागरूक करना था। शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने जैन धर्म के बारे में बहुत कुछ सीखा और अपने जीवन में इसके मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। शिविर में जैन धर्म के मूल्यों और सिद्धांतों के बारे में जानकारी दी गई। इस शिविर ने युवाओं को जैन धर्म के प्रति जागरूक करने और इसके मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के समापन समारोह पर जैन समाज के प्रधान संजू जैन, उप प्रधान निर्मल जैन व अन्य सदस्यों ने शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया।

## रतिया पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मामले में दूसरे आरोपी को किया गिरफ्तार



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 13 जून।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर रतिया पुलिस को एक और सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नारायण उर्फ नने पुत्र सरवन सिंह के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में पुलिस सतनाम सिंह उर्फ मन्नु पुत्र कश्मीर सिंह, निवासी अहरवां को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

थाना सदर प्रभारी उपनिरीक्षक राजबीर ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम एएसआई मेजर सिंह के नेतृत्व में गश्त पर थी। जब टीम गांव हड़ौली के बस अड्डे के पास पहुंची, तो उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक, सतनाम सिंह उर्फ मन्नु, नागपुर स्थित प्रदीप पैलेस के पास हेरोइन बेचने की नीयत से खड़ा है और ग्राहकों की प्रतीक्षा कर रहा है।

पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर दबिश दी। टीम के पहुंचते ही एक युवक पुलिस को देखकर घबराहट में पलटकर पैलेस के अंदर जाने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे तुरंत रोका और पूछताछ की, जिसमें उसने अपनी पहचान सतनाम सिंह उर्फ मन्नु वासी रतिया के रूप में हुई है।

# मुख्यमंत्री के नवनियुक्त मीडिया कॉर्डिनेटर तुषार सैनी का प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र ने किया अभिनंदन

## सरकार व पत्रकारों के बीच करेंगें समन्वय स्थापित : तुषार सैनी

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 13 जून।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के मीडिया कोर्डिनेटर बनाए जाने पर प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र द्वारा तुषार सैनी के सम्मान मे अभिनंदन समारोह रेलवे रोड स्थित एक निजी होटल मे किया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्यातिथि पहुंचे तुषार सैनी ने सब का अभिनंदन स्वीकार किया। वही मुख्यमंत्री के कुरुक्षेत्र कार्यालय प्रतिनिधि कैलाश सैनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्याम लाल जांगड़ा, जिला परिषद कुरुक्षेत्र के वाईस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी, सैनी धर्मशाला के प्रधान गुरनाम सैनी, जाट धर्मशाला के प्रधान डा. कृष्ण श्योकंद ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। यहां पहुंचने पर प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र के प्रधान रामपाल



शर्मा ने सदस्यों सहित पुष्पगुच्छ के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान तुषार सैनी को क्लब के सदस्यों ने शॉल व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा पिहोवा, इस्माईलाबाद, लाडवा, बाबैन व पिपली के पत्रकारों ने भी शॉल भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम मे कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल की तरफ से एक संदेश भेजा गया, जिसे मंच से पढ़ कर सुनाया गया व सांसद प्रतिनिधि के रूप मे पहुंचे राजकुमार सैनी, विकास राणा, आकाश राणा, विनोद गर्ग व भूषण मंगला ने तुषार सैनी को तिरंगा भेंट किया। मंच का संचालन क्लब के महासचिव देवीलाल बारना ने किया। मुख्यमंत्री के कुरुक्षेत्र कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि छोटी सी उम्र मे ही तुषार सैनी को बड़ी जिम्मेवारी मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा सौंपी गई है। उन्होने कहा कि तुषार सैनी ने बड़ा मुकाम हासिल किया है। उन्हे उम्मीद है कि कुरुक्षेत्र के पत्रकारों और मुख्यमंत्री के बीच एक कड़ी का काम करेंगें और कुरुक्षेत्र के विकास मे सहायक सिद्ध होंगें।

कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर लाडवा हल्के में स्वयंसेवी संस्थाओं ने अनेक प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने का काम किया है, जोकि बड़ा ही सराहनीय है। कुरुक्षेत्र जिला के विकास में भी मुख्यमंत्री की ओर कोई कमी नही छोड़ी जाएगी। कैलाश सैनी ने पत्रकारों से अपील की कि वे उनके कार्यालय मे आकर कुरुक्षेत्र के विकास हेतू चर्चा करके अपनी राय जरूर दें, ताकि कुरुक्षेत्र विश्व भर मे गौरव प्राप्त कर सके।

मुख्यमंत्री के नवनियुक्त मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि पत्रकारों के साथ जोड़ कर उन्हें जो जिम्मेवारी दी गई है, इसे वे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगें। पत्रकारों और सरकार के बीच समन्वय बना कर रखने का काम करेंगें, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक प्रचारित होकर मिल सके। पत्रकारों की प्रमुख मांगों को भी मुख्यमंत्री के सामने रख कर पूरा करवाने का प्रयास करेंगें।

वे लंबे समय से प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र से जुड़े हुए हैं, प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र के बैनर तले जिला के पत्रकारों ने उनका सम्मान करके गौरव बढाया है, इसके लिए वे प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र के आभारी हैं। उन्होने प्रेस क्लब के सदस्यों को विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री के दरवाजे उनके लिए खुले हुए हैं। उन्होने आशा प्रकट की कि पत्रकार कुरुक्षेत्र के विकास मे अपना सहयोग देंगे। हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्याम लाल जांगड़ा ने कहा कि प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र द्वारा युवा पत्रकार तुषार सैनी के सम्मान मे कार्यक्रम कर सराहनीय काम किया है। तुषार सैनी को मुख्यमंत्री द्वारा जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, कुरुक्षेत्र के लिए बड़ी बात है। जिप के वाईस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा ऐसे लोगों को जिम्मेवारी सौंपी जा रही हैं, जोकि जमीन से जुड़े हुए हैं। तुषार सैनी का व्यक्तित्व भी ऐसा ही है और वे जमीन से जुड़े हुए पत्रकार हैं।

# ब्रह्माकुमारीज: प्रभु अनुभूति भवन में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम

## पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक मूल्यों को दिया गया बढ़ावा

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**शाहाबाद मारकंडा, 13 जून।** ब्रह्माकुमारीजः प्रभु अनुभूति भवन में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया, जिसमें समाज के प्रमुख व्यक्तित्वों और श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्था की वरिष्ठ राजयोगिनी नीति दीदी और राजयोगिनी निजा दीदी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सुयश, भगवंत सिंह, डॉ. दीपक शर्मा और नीरज गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। राजयोगिनी नीति दीदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संकट से जूझ रही है, ऐसे में वृक्षारोपण केवल एक कर्मकांड नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। यह न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है,



बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और मूल्यों को भी बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण रक्षा का संकल्प लिया। उन्होंने इस पहल को एक सामूहिक सामाजिक चेतना बताया जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा संदेश छोड़ जाएगी। राजयोगिनी नीति दीदी ने बताया कि आज आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता, अध्यात्म और सेवा भावना का प्रचार और वृक्षारोपण के माध्यम से सामाजिक सहभागिता रहा। कार्यक्रम में समाजसेवी मनीषा ने नीति दीदी को पौधा भेंट कर सम्मानित किया, जिसके बाद उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गूंज के साथ इस भावपूर्ण क्षण का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रो. सुनील गुप्ता, जगदीश सभरवाल, ज्ञानचंद, पवन परुथी, रामशरण, संजय छपरा, कपिल शर्मा, सुरेश शर्मा, सचिन, पवन, डिंपल अनेजा, बलदेव खुराना, सुरेंद्र शर्मा, जीत पाल, मीनू, सपना, शैलजा, प्रेम, सोनिया रानी, रामा, सरोज, बलविंदर, सुनीता, कौशल्या, राधा, रजनी, शीला, नीतू और मनीषा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और सामूहिक संकल्प के साथ किया गया, जिसमें सभी ने धरती को हरा-भरा बनाए रखने और पर्यावरण के प्रति सजग रहने का व्रत लिया।

# बचपन को खतरे से बचाएं , अभिभावक रहें जागरूकः एसपी सिद्धांत जैन, आईपीएस

## फतेहाबाद पुलिस ने जारी की एडवाजरी

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**फतेहाबाद, 13 जून।** गर्मी की छुट्टियाँ बच्चों के लिए मस्ती का मौसम होता हैं, लेकिन यही समय उनके बिगड़ने, भ्रमित होने या खतरे में पड़ने का भी हो सकता है, अगर अभिभावक सतर्क न रहें।

आजकल बच्चे दिन का ज्यादातर समय मोबाइल, इंटरनेट, टीवी या दोस्तों के साथ बाहर बिताते हैं। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि माता-पिता या अभिभावक अपने बच्चों की दिनचर्या और गतिविधियों पर लगातार ध्यान दें।

अभिभावकों के लिए आवश्यक सावधानियाँः

दिनचर्या पर रखें नजरः

बच्चों का समय तय करें – कब सोएं, कब उठें, क्या खाएं और कितना खेलें। पढ़ाई और



रचनात्मक कार्यों में उनका मन लगवाएं।

**मोबाइल और इंटरनेट की लगाम आपके हाथः**

बच्चों को बेवजह मोबाइल, टैबलेट या कंप्यूटर पर न बैठने दें। सोशल मीडिया, गेमिंग ऐप और ऑनलाइन चैटिंग पर उनकी गतिविधियाँ जरूर देखें। ऑनलाइन दुनिया उतनी ही खतरनाक हो सकती है जितनी सड़क पर ट्रैफिक।

**बाहर खेलने जाएं तो सुरक्षित लौटेंः**

अगर बच्चे खेलने या घूमने जाते हैं तो यह तय करें कि कहाँ जा रहे हैं, किसके साथ हैं और कब तक लौटेंगे। संचार में दूरी न आने दें।

**अनजान से पहचान न बनाएंः**

बच्चों को साफ-साफ समझाएं – किसी अनजान व्यक्ति से बात न करें, लालच में न आएं और किसी भी संदेहजनक घटना की तुरंत जानकारी आपको दें।

साइबर अपराध से रहें चौकन्नाः

किसी भी संदिग्ध लिंक, मैसेज, कॉल या ऐप को हल्के में न लें। जरा-सी चूक बड़ा नुकसान कर सकती है। साइबर अपराध से जुड़े मामलों में तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें।

भावनात्मक सहारा बनेंः

बच्चों से खुलकर बात करें। उन्हें ऐसा महसूस कराएं कि वे अपनी हर बात आपसे साझा कर सकते हैं। उनका विश्वास जीतें । यही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

**आमजन से अपील**

पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बच्चों का वर्तमान और भविष्य सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। कृपया सतर्क रहें, सजग रहें और अपने बच्चों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। फतेहाबाद पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है।

# जिला बार संघ ने विमान हादसे पर रखा नो वर्क डे

## पदाधिकारी बोले, हादसा देश को झकझोरने वाला

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 13 जून।** जिला बार संघ के अध्यक्ष गंगाराम ढाका की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने वीरवार को अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से विचार कर शुक्रवार को नो वर्क डे किया। सभी अधिवक्ताओं ने कहा कि कोई भी वकील किसी भी न्यायालय में आज पेशी पर नहीं जाएगा।

जिला बार संघ के अध्यक्ष गंगाराम ढाका व अन्य पदाधिकारियों ने इस अवसर पर कहा कि यह हादसा पूरे देश को



झकझोरने वाला है, क्योंकि विमान में सवार एक व्यक्ति को छोडकर कोई भी व्यक्ति जिंदा नहीं बचा। यही नहीं जिस जगह विमान गिरा, वहां हॉस्टल था। उन्होंने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि एकजुटता और सहानुभूति का है। जिला बार संघ उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है, जिन्होंने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोया। अधिवक्ताओं ने कहा कि हम सब मिलकर प्रार्थना करें कि ईश्वर उनकी आत्माओं को शांति दे और प्रभावित परिवारों को इस दुख की घड़ी में हिम्मत प्रदान करे।

साथ ही गुजरात प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि राहत और बचाव कार्यों में कोई कसर न छोड़ी जाए, ताकि पीड़ितों को तत्काल सहायता मिल सके। जिला बार संघ के सचिव हरदीप सिंह सिधु ने भी दो मिनट का मौन धारण करके सभी अधिवक्ताओं ने एक साथ दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## लुधियाना लौट रही एंबुलेंस मस्जिद की दीवार से टकराई, ड्राइवर की मौत, एक ही परिवार के चार सदस्य घायल

**समराला/लुधियाना।** पीजीआई चंडीगढ़ से लुधियाना मरीज को लेकर लौट रही एक निजी एंबुलेंस बुधवार सुबह करीब 7 बजे लुधियाना-चंडीगढ़ मार्ग पर किट्टी ब्रैड के पास हीरा (कोहरा) गांव के समीप अनियंत्रित होकर एक मस्जिद की दीवार से टकरा गई। हादसे में एंबुलेंस के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एंबुलेंस में सवार एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से समराला सिविल अस्पताल पहुंचाया। एंबुलेंस में फंसे ड्राइवर को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और उसे इलाज के लिए लुधियाना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**घायलों की हालत स्थिर, खतरे से बाहर**

सिविल अस्पताल समराला के डॉ. मंदीप सिंह ने बताया कि दुर्घटना में घायल सभी चारों व्यक्ति एक ही परिवार के सदस्य हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है और चारों की हालत खतरे से बाहर है। डॉक्टर ने बताया कि सभी लोग चंडीगढ़ पीजीआई से मरीज को लेकर लुधियाना स्थित अपने घर लौट रहे थे, जब यह हादसा हुआ।

**हादसे के कारणों की जांच जारी**

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## हरियाणा पुलिस विभाग के नेतृत्व में डिजिटल कंप्यूटर सेंटर में विशेष सेमिनार आयोजन



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 13 जून।** हरियाणा पुलिस विभाग के नेतृत्व में डिजिटल कंप्यूटर सेंटर रतिया में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। हरियाणा पुलिस विभाग से इंस्पेक्टर मंजू सिंह इस विशेष सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे तथा उनके साथ उनकी टीम भी मौजूद रही। इस विशेष सेमिनार में इंस्पेक्टर मंजू रानी ने बच्चों को साइबर क्राइम, महिला अपराध, नशा, सेफ ड्राइविंग तथा विभाग द्वारा आयोजित 112 टीइ्एमइ्एस से संबंधित मार्गदर्शन किया। इंस्पेक्टर मंजू रानी ने बच्चों को बताया कि आज साइबर क्राइम का जाल बहुत बढ़ चुका है जिसमें सबसे बड़ा योगदान हमारे मोबाइल प्रयोग करने के तरीके पर निर्भर करता है उन्होंने कहा सभी प्रकार के साइबर क्राइम फोन तथा सिम से जुड़े होते हैं इसलिए हमें फोन का प्रयोग सावधानी तथा सतर्कता के साथ करना चाहिए और अनावश्यक ऐप तथा गेम का प्रयोग ना करें। दूसरी तरफ उन्होंने विशेष रूप से छात्रों को महिला अपराध से बचने के तरीकों से अवगत करवाने के साथ-साथ किस प्रकार से उन्हें महिला अपराध का शिकार बनाया जाता है से भी अवगत करवाया। उन्होंने नशा करने से बचने तथा नशा करने वालों की संगति से दूर रहने और आसपास के नशा तस्करों की जानकारी पुलिस को देने संबंधी संदेश भी बच्चों को देने के साथ-साथ सेफ ड्राइविंग तथा अंडर ऐज और बिना लाइसेंस और हेलमेट के प्रयोग के बिना गाड़ी चलाने के दंड तथा उसकी हानियों से भी अवगत करवाया। मुख्य वक्ता मंजू सिंह ने हरियाणा पुलिस द्वारा लांच 112 टी.एम. एस .ऐप का प्रयोग विशेष तौर पर लड़कियों और महिलाओं को सुरक्षित यात्रा में सहायक होने संबंधी मार्गदर्शन भी किया। इस अवसर पर डिजिटल कंप्यूटर सेंटर के मैडम डिम्पल सेठी व परमजीत कौर ने बताया कि इस प्रकार की सेमिनार हरियाणा सरकार और हरियाणा पुलिस के द्वारा किया जाना एक सराहनीय कदम बताया। उन्होंने बच्चों को कहा कि आज के सेमिनार में जो संदेश तथा मार्गदर्शन आपको पुलिस प्रतिनिधि द्वारा दिया गया है उसे संदेशवाहक बनकर समाज में पहुंचाएं ताकि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अर्जित हो सके।

## अनेक कर्मचारी संगठनों ने दिया सफाई कर्मचारियों के धरने को समर्थन- सफाई कर्मचारियों का संघर्ष 5वें दिन भी जारी



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 13 जून।** सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर भीषण गर्मी में भी पांचवें दिन शुक्रवार को हड़ताल जारी रखी। एसडीएम कार्यालय के गेट पर सफाई कर्मचारियों व डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाले गाड़ी चालकों ने जमकर सरकार के खिलाफ नारे बाजी की।

सर्वप्रथम सभी कर्मचारियों ने अहमदाबाद में विमान हादसे में मारे गए लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दी। अनेक कर्मचारी संगठनों एटक कर्मचारी महासंघ, सीटू से संबंधित सर्व कर्मचारी महासंघ, किसान यूनियन एकता उग्रराहा ने धरनारत कर्मचारियों को अपना समर्थन दिया। शुक्रवार को धरने पर किसान सभा के जिला सचिव प्रीतपाल सिंह सिद्धू ने सरकार के इस मजदूर विरोधी रवैये की सख्त शब्दों में निंदा करते हुए संगठन की ओर से हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। किसान सभा सिरसा के उपाध्यक्ष बलराज सिंह बणी ने सरकार से अनुरोध किया कि सरकार अपनी हठधमर्मिता छोडकर सफाई कर्मचारियों व कचरा गाड़ी चालक की मांगें मान कर अपनी उदारता दिखाए। इस मौके पर महिला मोर्चा पूजा रानी प्रधान, गोगा मेड़ी सफाई कर्मचारी व कचरा गाड़ी चालक के प्रधान अमित कुमार पुहाल, उपप्रधान रविन्द्र कुमार पुहाल, सचिव बनारसीदास, महिला सफाई कर्मचारी प्रधान सपना, गुरुदत्त सिंह, सह सचिव रघुवीर चंद, मोनिका, कामरेड दारा सिंह सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 13 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 के आयोजन को लेकर एसडीएम मनोज दलाल ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम ने बताया कि 21 जून को चौधरी देवीलाल स्टेडियम में उपमंडल स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने व भव्य रूप देने के लिए उपमंडल स्तर पर तैयारियों को लेकर एसडीएम मनोज दलाल ने समीक्षा की तथा कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई। बैठक के दौरान एसडीएम मनोज दलाल ने विभिन्न विभागों को योग दिवस कार्यक्रम में जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विश्व पटल पर पहचान बने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रतीक है, इसलिए इसकी गरिमा के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एसडीएम ने शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को समय पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## न्यूज फ्लैश

### रिमाण्ड प्राप्त कर क्रेटा कार, अवैध शस्त्र व लूटा गया लैपटॉप व नकद बरामद



**हरियाणा वाटिका एजेंसी**
**नोएडा।** 2अभियुक्त 1.दीपाशु शर्मा पुत्र अनिल शर्मा 2.उत्कर्ष शर्मा पुत्र सुरेन्द्र कुमार का न्यायालय से पुलिस कस्टडी रिमाण्ड प्राप्त कर अभियुक्तों की निशादेही पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार रजि नं0 यूपी 51 ए.एस 0218, 01 अवैध तमंचा .32 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस, वादी मुकदमा से लूटा गया 01 लैपटॉप, 01 मोबाइल फोन, 20,000 रुपये नगद को एफएनजी रोड पुस्ता से हिडंन डूब क्षेत्र से बरामद किया गया है।

अभियुक्त दीपांशु शर्मा द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर पूर्व से योजित षडयंत्र के तहत अवैध तमंचा दिखाकर वादी मुकदमा व वादी मुकदमा के मित्र से गाड़ी, नगदी, लैपटॉप, मोबाइल लूट लिये गये थे व खाते में रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। उक्त घटना के संबंध में दिनांक 20.04.2025 को थाना सेक्टर-113 पर मु0अ0सं0- 184/2025 धारा 310(2), 127(2), 115(2), 351(2), 317(3), 3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। दिनांक 09.05.2025 को मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त शोभित राजपूत को गिरफ्तार किया गया था। दिनांक 22.04.2025 को मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आए अभियुक्त 1.कोमल सिंह पुत्र हरिनन्दन 2.आरूष त्रिपाठी पुत्र राम प्यारे तिवारी को गिरफ्तार किया गया था। अभियुक्त 1.उत्कर्ष शर्मा पुत्र सुरेन्द्र कुमार 2.दीपाशु शर्मा पुत्र अनिल शर्मा 3.गौरव त्रिवेदी पुत्र श्याम किशोर द्वारा 04.06.2025 को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया गया था।

### यातायात पुलिस के जवानों को इलेक्ट्रोल पहुंचाया



**हरियाणा वाटिका एजेंसी**
**नोएडा।** नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन के द्वारा अध्यक्ष विपिन मल्हन के नेतृत्व में शहर में यातायात व्यवस्था में कार्यरत हमारे यातायात पुलिस के जवानों को इलेक्ट्रोल पहुंचाया एवं उनसे आग्रह किया कि आप थोड़े थोड़े समय में लेते रहें। इस अवसर पर श्री मल्हन ने कहा कि यातायात पुलिस कर्मी लगातार हमारे लिए शहर की यातायात व्यवस्था को सुद्रहण बनाये रखने भीषण गर्मी की परवाह ना करते हुए लगातार अपना दायित्व निभा रहे हैं। ऐसे में हमारा फर्ज है कि किसी तरह उनकी सेवा की जाए । इलेक्ट्रोल वितरित करना बड़ी बात नहीं है, वो स्वयं सक्षम हैं परंतु वो अपनी ड्यूटी निभाने की व्यस्तता में कई बार अपना ही ध्यान नहीं रख पाते । हम जहाँ अपनी कार में ए०सी० चलाकर उन मार्ग से आवागमन करते हैं वहीं वो उन मार्गों में तपती धूप में अपना फर्ज. निभा रहे होते हैं। हम शहर वासियों से अपील करते हैं कि वो यातायात नियमों का हमेशा पालन करें जिससे यातायात पुलिस कर्मियों को अतिरिक्त प्रयास ना करना पड़े एवं आप भी सुरक्षित रहें ।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर ग्रेनो प्राधिकरण ने चलाया अभियान

**ग्रेटर नोएडा।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से विशेष जागरुकता अभियान चलाया गया, जिसमें बाल श्रम की रोकथाम के लिए बने कानूनों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बाल श्रम के नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए।

लापरवाही करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इसके अलावा सेनेटरी पर्यवेक्षक नीरज कुमार, दिनेश, राकेश पाल, सतीश अधाना व अन्य ने ग्रेटर नोएडा के अलग-अलग एरिया में कंपनियों में जाकर जांच की और बाल श्रम कानून के बारे में जानकारी दी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस के निर्देश पर मैनेजर संध्या सिंह के साथ प्राधिकरण की टीम ने ईकोटेक थ्री स्थित राइज इलेवन कंपनी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान श्रमिकों के आधार कार्ड की भी जांच की गई। हालांकि कोई भी बाल श्रम मौके पर नहीं मिला, फिर भी प्राधिकरण की तरफ से चेतावनी दी गई है कि अगर भविष्य में भी बाल श्रम मिला तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा कि यह अभियान श्रमिकों को उनके अधिकारों एवं बच्चों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रयास है

### थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर पर सीजशुदा कुल 118 वाहनों की नीलामी कराई



**हरियाणा वाटिका एजेंसी**
**नोएडा।** कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में लावारिस वाहनों के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन क्लीन के अन्तर्गत आज दिनांक 12.06.2025 को थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा 207 एमवी एक्ट से सम्बन्धित सीजशुदा कुल 118 वाहन (दो पहिया, चार पहिया) की समयावधि पूर्ण होने के उपरान्त न्यायालय से आदेश प्राप्त करते हुए उक्त वाहनो का मूल्यांकन करते हुए एवं व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए थाना सूरजपुर पर नीलामी करायी गयी।

इच्छुक बोलीदाताओ द्वारा प्रतिभाग करते हुए 30-30 हजार रुपये की धरोहर राशि दाखिल करते हुए बोलियां लगायी गयी जिसमें सर्वाधिक बोली 03 लाख 11 हजार रुपये मौहम्मद अनिस पुत्र अब्दुल हमीद निवासी कैला भट्टा, गाजियाबाद द्वारा लगायी गयी। सर्वाधिक बोलीदाता मौहम्मद अनीस उपरोक्त के पक्ष में कुल 118 वाहन (जिनमें 112 दो पहिया, 04 तीन पहिया, 02 चार पहिया) को 3 लाख 11 हजार रुपये में नीलाम किया गया। अन्य बोलीदाताओ की धरोधर राशि को वापस कर दिया गया है।

इस मौके पर गठित टीम सहायक पुलिस आयुक्त तृतीत सेन्ट्रल नोएडा, थाना प्रभारी सूरजपुर, आरआई टेक्नीकल, परिवहन कार्यालय गौतमबुद्धनगर आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# समाधान शिविरों में आई शिकायतों के समाधान में लापरवाही न बरतें अधिकारीः डीसी

## हर सोमवार व वीरवार को जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं समाधान शिविर



**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 13 जून।** डीसी प्रीति ने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर का समाधान शिविर लघु सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जाते हैं। आमजन इन स्थानों पर आकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें, इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए।

डीसी प्रीति शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक करके संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का तत्परता से समाधान करवाया जाए, यदि नियम अनुसार शिकायत का समाधान नहीं हो सकता तो इस बारे में शिकायतकर्ता को जानकारी दें। इसकी एटीआर सीटीएम कार्यालय में भेजें। इससे पहले राज्य स्तर पर वीडियो कांफ्रैंस के माध्यम से समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक में जारी किए गए आवश्यक दिशा-निर्देश के बारे में भी चर्चा की। डीसी ने कहा कि पुरानी शिकायतों पर अधिक निगरानी करते हुए उनका समाधान करवाएं। उपमंडल स्तर पर सभी एसडीएम समाधान शिविरों में स्वयं बैठना सुनिश्चित करें और अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को इसमें शामिल करते हुए लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करवाएं। जो शिकायत ज्यादा पुरानी हैं, उनके समाधान के लिए तुरंत कार्रवाई की जाए। जिन समस्याओं का समाधान हो चुका है, उनकी एक्शन टेकन रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करने उपरांत उपायुक्त कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने सीएम विंडों, जन संवाद पोर्टल तथा सोशल मीडिया पोर्टल पर आने वाली शिकायतों की भी समीक्षा की। उन्होंने नगर आयुक्त, बिजली निगम, पंचायत, राजस्व, लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को संबंधित विभाग से जुड़ी शिकायतों बारे आवश्यक निर्देश जारी किए।

इस मौके पर जिला नगर आयुक्त सुशील कुमार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, एसडीएम अजय कुमार, डीडीपीओ कंवर दमन, डीडीए डॉ. बाबू लाल व इनके अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# छात्राओं को अग्निवीर प्रवेश बारे किया गया जागरूक

## थ्री नेशनल कैडेट कोर गर्ल्स बटालियन में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 13 जून।** सेना भर्ती कार्यालय हिसार थ्री नेशनल कैडेट कोर गर्ल्स बटालियन में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित कर सेना भर्ती कार्यालय के सहायक भर्ती अधिकारी ने कैडेटों को अग्निवीर और ऑफिसर प्रवेश बारे छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में 360 कैडेट छात्रों सहित स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि अग्निवीर और ऑफिसर प्रवेश के प्रति युवाओं को जागरूक और आकर्षित करने के लिए सेना की ओर से आउटरीच कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

आउटरीच कार्यक्रम के तहत विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर एनसीसी कैडेटों एवं युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। सहायक भर्ती अधिकारी ने ने छात्रों को एक अच्छा नागरिक बनने के लिये विभिन्न मूल्यों और पहलुओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपने प्रश्नों को स्पष्ट करने के लिए सहायक भर्ती अधिकारी के साथ विचार-विमर्श भी किए।

### पंजाबी विकास मंच ने श्रद्धापूर्वक मनाई निर्जला एकादशी और गुरू अर्जुन देव का शहीदी दिवस

**हरियाणा वाटिका एजेंसी**
**नोएडा।** हिंदू धर्म में 24 एकादशियों का बहुत महत्व है। ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी कहते हैं। इसकी कथा में हिंदू धर्म की बहुत बड़ी विशेषता है कि वह सबको धारण ही नहीं करता है, सबके योग्य नियमों की लचीली व्यवस्था भी करता है। महर्षि वेदव्यास ने पाडंवों को एकादशी व्रत का संकल्प कराया तो भीम ने कहा,ह्लह्लपितामह इसमें प्रति पक्ष एक दिन के उपवास की बात कही है। पर मैं तो एक समय भी भोजन के बगैर नहीं रह सकता। मेरे पेट में ह्लवृकह्ल नाम की जो अग्नि है उसे शांत रखने के लिए मुझे कई लोगों के बराबर और कई बार भोजन करना पड़ता है। क्या अपनी उस भूख के कारण मैं एकादशी जैसे पुण्य व्रत से वंचित रह जाऊंगा।

### सुमित्रा हॉस्पिटल, सेक्टर-35, नोएडा में आग लगने पर पाया काबू

**हरियाणा वाटिका एजेंसी**
**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के अंतर्गत सुमित्रा हॉस्पिटल, सेक्टर-35, नोएडा में आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 06 फायर सर्विस यूनिट एवं हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म घटनास्थल पर रवाना हुई और आग को पूर्णतयाः बुझा दिया गया। आग भूतल पर बने रिकार्ड रूम में लगी थी, जो घटना के समय बंद था। प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर जो मरीज थे, वह स्वयं ही बाहर आ गए व तृतीय तल पर जो मरीज भर्ती थे उन्हें बाहर निकलने को आवश्यकता नहीं पड़ी।

# एनईए में ऑथोराइज्ड इकोनॉमिक ऑपरेटर पर एक विशेष सत्र का आयोजन

**हरियाणा वाटिका एजेंसी**
**नोएडा।** सीबीईसी के अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय और नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में, नोएडा सीमा शुल्क कार्यालय के सहयोग से, ऑथोराइज्ड इकोनॉमिक ऑपरेटर पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन नोएडा सेक्टर 6 स्थित एन०ई० सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय के प्रधान आयुक्त अखिल कुमार खत्री ने की। इस कार्यक्रम में नोएडा सीमा शुल्क आयुक्तालय के आयुक्त आलोक सिंह, एवं एन०ई०ए० के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय के संयुक्त आयुक्त अमित कुमार गुप्ता एवं संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार ने ऑभोराइजड इकोनॉमिक ऑपरेटर पर विशेष पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन देते हुए यह बताया कि कैसे भारत सरकार, इस विशेष योजना के माध्यम से आयातकों और निर्यातकों को तमाम तरीके की सुविधाएँ और आर्थिक लाभ दे रही है। उन्होंने बताया कि ऑथोराइजड इकोनॉमिक ऑपरेटर के स्टेटस को प्राप्त करने के उपरांत न केवल भारत में बल्कि भारत के साथ टफअ साइन कर चुके देशों में भी आयातकों और निर्यातकों को तमाम तरीके की सुविधाएँ दी जाती हैं।

कार्यक्रम में ऑथोराइजड इकोनॉमिक ऑपरेटर के पंजीकरण के लिए एक हेल्प डेस्क भी लगाया गया जहां इस योजना से जुड़ने के लिए तमाम व्यापारियों ने रुचि दिखाई।



कार्यक्रम में एक विशेष प्रश्नोतरी सत्र भी रखा गया जिसमें व्यापार जगत के तमाम प्रतिनिधियों ने ऑथोराइजड इकोनॉमिक ऑपरेटर से संबंधित अपने सवालों का उत्तर प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान आयुक्त, अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय अखिल कुमार खत्री ने कहा कि भारत सरकार इस योजना के माध्यम से भारतीय आयातकों और निर्यातकों के लिए व्यापार को सुगम बनाते हुए, उन्हें एक सुरक्षित इंटरनेशनल सप्लाई चेन की सुविधाएँ महौया कराना चाहती है। इस अवसर पर नोएडा सीमा शुल्क आयुक्तालय के आयुक्त श्री आलोक सिंह ने कहा कि उनका आयुक्तालय इस योजना से नोएडा स्थित तमाम व्यापारियों को जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

एन०ई०ए० के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने भी यह आश्वासन दिया कि वह भी अपने व्यापारी बंधुओं को अपने संघ के माध्यम से इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय, नई दिल्ली देश भर में ऑथोराइजड इकोनॉमिक ऑपरेटर स्कीम के प्रचार के लिए इस प्रकार के आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन करता है और आज का यह आयोजन इसी श्रृंखला की एक कड़ी थी। आज के इस कार्यक्रम में नोएडा सीमा शुल्क आयुक्तालय की संयुक्त आयुक्त मनोज प्रभाकर, उपायुक्त अंकुर, उपायुक्त गीतू बडोलिया, अधीक्षक (मुख्यालय) वी एस देशवाल उपस्थित रहे।

# योग दिवस पर करें संकल्प, जीवनशैली में शामिल करें योगासन, दीर्घ आयु की होगी प्राप्ति : डॉ. शकुंतला दहिया

## योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 13 जून।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शकुंतला दहिया ने बताया कि प्रशासन एवं आयुष विभाग कैथल के तत्वाधान में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय कैथल, कलायत, गुहला के अधिकारियों/कर्मचारियों तथा राजकीय आईटीआई कैथल के स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों हेतु योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

योग दिवस 2025 की तैयारियों के योग प्रशिक्षण शेड्यूल अनुसार 13 जून 2025 को कैथल में रा.व.मा.वि. जखौली अड्डा में प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव गिरीश चावला, कलायत ब्लॉक में एसडीएम अजय हुड्डा, गुहला में एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह के निर्देशन में योग शिविर का आयोजन किया गया।

कैथल में रावमावि जखौली अड्डा में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास एच.एस.हुड्डा योग विशेषज्ञ तथा संदीप तंवर, सतीश, नरेश, कनिका, सीमाकुमारी आयुष योग सहायकों द्वारा सूक्ष्म व्यायाम, योगासन एवं प्राणायाम ध्यान का अभ्यास करवाया गया। कलायत खण्ड का कार्यक्रम अनाज मंडी कलायत में नोडल अधिकारी डॉ. सुनीता की देखरेख में योग ट्रेनर सुशील कंसल पतंजलि, विजेंद्र, संदीप, राममेहर, सविता योग सहायकों के माध्यम से सम्पन्न हुआ। गुहला में अनाज मंडी चीका में नोडल अधिकारी डॉ. विक्रमजीत द्वारा योग प्रशिक्षक डॉ. विनोद गुप्ता भारतीय योग संस्थान एंव संदीप राजराणा, सुखदेव दयौरा द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया।

इसके अतिरिक्त राजकीय आईटीआई कैथल में स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों के लिए योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मुख्य अतिथि रहे तथा योग प्रशिक्षक संदीप चौशाला, रीना देवी तथा कनिका आयुष योग सहायकों द्वारा योगाभ्यास करवाया गया।

### 21 जून को नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21 नोएडा में मनाया जाएगा 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**हरियाणा वाटिका एजेंसी**
**नोएडा।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला तथा पूरी मानवता को एक साथ जोड़ने में सशक्त माध्यम के रूप में आगामी 21 जून 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं 15 जून से 21 जून 2025 तक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित करायें जाएंगे।

# अपने घर में तथा आसपास के क्षेत्र में कहीं भी एक सप्ताह तक निरंतर खड़ा न होने दें साफ पानी

## मच्छर जनित बीमारी के लक्षण मिलने पर तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में करवाएं जांच :- एसडीएम अजय कुमार



**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 13 जून।** एसडीएम अजय कुमार ने कहा कि डेंगू व मलेरिया के ज्यादातर केस जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर व अक्तूबर में मिलते हैं। आमजन अलर्ट होकर अपने घर में तथा आसपास के क्षेत्र में कहीं भी साफ पानी को एक सप्ताह तक निरंतर खड़ा न होने दें। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। अपने घरों में कूलर की साप्ताहिक सफाई व फ्रिज के पीछे वाली ट्रे को सप्ताह में एक बार जरूर खाली करें। ताकि वहां डेंगू का कारण बनने वाले मच्छर न पनप सकें। मच्छर जनित बीमारी के लक्षण मिलने पर तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निशुल्क जांच करवाएं।

एसडीएम अजय कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी तथा डायरिया विषय पर अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करके आमजन तक जरूरी हिदायतों को पहुंचाएं। पिछले वर्ष 2024 में डेंगू के 77 केस आए थे, भविष्य में कोई केस न आए, इसके लिए हम सभी को सावधानियां बरतनी है। जिला में कहीं भी लारवा न पनप पाए, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एक प्लान तैयार करें। समय-समय पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर लारवा की जांच को निरंतर जारी रखें। उन्होंने नगर परिषद, नगर पालिकाओं व ग्राम पंचायतों में फोगिंग मशीनों को दुरूस्त रखने को कहा, ताकि समय पर उनका उपयोग किया जा सके। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सड़कों के गढ्डों को भरवाना सुनिश्चित करें। जहां-जहां पानी खड़ा रहता है, वहां के स्थानों को पहचान की जाए और काला तेल आदि डलवाने की व्यवस्था की जाए। जन स्वास्थ्य विभाग हर घर में स्वच्छ जल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें, यदि कहीं कोई नल में गंदे पानी की शिकायत प्राप्त होती है तो उसका समय पर निपटान करना सुनिश्चित करें। रोडवेज महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि खराब टायरों में पानी न भरने दें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस संदर्भ में बच्चों व अभिभावकों को जागरूक करें। इसके अलावा उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग, पशु पालन विभाग, मत्स्य विभाग, आईएमए को भी आवश्यक निर्देश जारी किए।

एसडीएम ने कहा कि जिला में दस्त रोको अभियान 16 जून से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। इस अभियान में आशा वर्कर, एएनएम द्वारा पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को घर-घर जाकर ओआरएस पैकेट वितरित किए जाएंगे। परिजनों को ओआरएस तथा जिंक के प्रयोग के बारे में भी जानकारी दी जाएगी, ताकि डायरिया होने की स्थिति में वे तुरंत बच्चों का घर पर ही ईलाज कर सके। इसके अतिरिक्त सभी स्वास्थ्य केन्द्रों व उप स्वास्थ्य केन्द्रो व आंगनबाड़ी केंद्रों में बूथ स्थापित किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीमें सभी स्कूलों में जाकर हाथ धोने की विधि को विस्तार पूर्वक बताया जाएगा।

सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने बताया कि डायरिया के संक्रमण से अपने बच्चों को बचाने के लिए हाथों को साबून और पानी से अच्छे से धोएं, पीने का पानी साफ एंव सुरक्षित उपयोग करें, यह सुनिश्चित करें कि आपके बच्चों के आस-पास हमेशा सफाई रहे। माताएं अपने शिशू को छह महीनों तक मां का दूध पिलाएं। पूर्ण आहार दें, विटामिन ए की खुराक दी जाए। यदि बच्चा स्तनपान न करता हो, मल में खून आए, बुखार होना या ठंड लगना, हथेलियां और तलवे पीले होना, खाने पीने पर उल्टी कर देना, तेजी से सांस लेना, सांस लेने में कठिनाई होना, सुस्ती या बेहोशी व दौरे होने की स्थिति में तुरंत डॉक्टरों की सलाह लें। इस मौके पर डीडीपीओ कंवर दमन, डिप्टी सीएमओ डॉ. नीरज मंगला, डॉ. नवराज सिंह, शमशेर सिंह, अशोक कुमार, रविंद्र व सभी सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पेट की गैस

## कहीं बड़ी समस्या में न बदल जाए



आजकल पेट में गैस बनना एक साधारण बात हो गई है। पाचन तंत्र में विकार उत्पन्न होने की वजह से उदर और आंतों में गैस की समस्या उत्पन्न हो जाती है है। गैस बनना किसी रोग का लक्षण भी हो सकता है। अधेड़ उम्र के लोग इससे अधिक पीड़ित रहते हैं। क्योंकि इस उम्र में पाचन क्रिया कमजोर होने लगती है। लोग अक्सर इसे आम समस्या समझकर नजर अंदाज कर दिया करते हैं।

**गैस** उदर या आंतों में बनती है। उदर व आंत शरीर के वे भाग हैं जिसमें आहार का पाचन होता है। पाचन के लिए आमाशयिक रस की जरूरत होती है। अमाशयिक रस में एंजाइम, पेप्सिन, लाइपेज और रेनिन होते हैं। पेप्सिन, हाइड्रो क्लोरिक अम्ल के साथ मिलकर प्रोटीन को पेप्टीन में बदलता है। रेनिन, दूध के केसीनोजन को गाढ़ा करता है और लाइपेज वसा का पाचन कराता है। अमाशयिक रस द्वारा ही कुछ विषैले पदार्थ जैसे विष, धातु, अल्केलोइड्स आदि निकलते हैं। अनावश्यक जीवाणुओं व कीटाणुओं का नाश भी अमाशयिक रस के द्वारा ही होता है। खाने की चीजों के पाचन के लिए अमाशयिक प्रक्रिया के दौरान पोषक तत्व सोख लिए जाते हैं, और अनचाहे अवशेष मलमूत्र के रूप में शरीर से बाहर निकल जाते हैं। पाचन क्रिया के तहत रासायनिक प्रक्रिया होती है और गैस बन जाती है। गैस का अधिक या कम बनना पाचन शक्ति, व्यक्ति की आयु, शारीरिक और मानसिक रोग और खाने की चीजों के मिश्रण आदि पर निर्भर होता है।

पेट की गैस दो प्रकार की होती है। एक तो वह जो भोजन करते समय हमारे पेट में पहुंच जाती है। जैसे? नाइट्रोजन, ऑक्सीजन। दूसरी कार्बन डाइआक्साइड, हाइड्रोजन और मीथेन है जो पाचन प्रक्रिया के दौरान आंतों में बनती है। एक स्वस्थ व्यक्ति में ये गैसें कम मात्रा में होती हैं जो कि मलद्वार या डकार से आसानी से बाहर निकल जाती हैं। परन्तु अधिक मात्रा में गैस बनने और पाचन क्रिया के दौरान इसके भोजन में मिलने के कारण इससे कष्ट देने वाले लक्षण पैदा होने लगते हैं। इन लक्षणों में मुख्य है। खाना खाने के एक या दो घंटे पश्चात पेट में भारीपन महसूस होता है और सांस लेने में भी तकलीफ होती है तथा मलद्वार से अधिक गैस निकलने के कारण आंतों में अनपचे कार्बोहाइड्रेट का बैक्टीरिया द्वारा फर्मेंटेशन होता है। ये गैसें अधिकतर हाइड्रोजन कार्बन डाईआक्साइड और मीथेन होती हैं। सामान्यतः इनमें कोई गंध नहीं होती।

पेट के दर्द की वजह गैस नहीं है। दर्द आंतों की गतिशीलता में कमी की वजह से होता है। ज्यादा गैस बनना किसी गंभीर रोग से संबंधित हो सकता है। खट्टी डकारें आना, पेट का फूलना और मलद्वार से दुर्गंधमय गैस निकलने को नजरअदांज नहीं किया जाना चाहिए। इन का पूरा इलाज होना जरूरी है। उदर के रोग जैसे गैस्ट्राइटिस, पेट में अल्सर या पेप्टिक कैंसर, आंतों के रोग एंट्राइटिस, अल्सर, एमीबाइसिस तथा जिआर्डिएसिस आदि से भी गैस की समस्या हो सकती है।

इसके अलावा हवाई यात्रा में भी गैस विकार की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। हवाई यात्रा के दौरान इस रोग से ग्रस्त लोगों को अधिक सावधानी की आवश्यकता होती है क्योंकि हवाई जहाज में वायुमण्डल का दबाव कम होने के कारण उदर की गैस आयतन में तीस प्रतिशत की वृद्धि हो जाती है और कष्टदायक लक्षण सामने आने लगते हैं।

मुंह और सांस लेने के अंगों में विकारों की वजह से भी गैस की समस्या हो सकती है। नाक, सांस में बाधा, टौंसिल और एडिनाइड का इलाज आसानी से संभव हो सकता है और अगर गैस की समस्या इनके कारण से हो तो उसे दूर किया जा सकता है। इसी तरह दांतों के विकार और कृत्रिम दांतों की बनावट के कारण होने वाले विकार भी गैस के लक्षण हो सकते हैं।

शिशुओं में भी गैस विकार की समस्या पाई जाती है। शिशु मां से या बोतल से दूध पीते समय मुंह से हवा अंदर ले लेते हैं। इस प्रकार दूध के साथ-साथ आक्सीजन और नाइट्रोजन गैसें भी उनके पेट में पहुंच जाती हैं। यदि पेट में गैस ज्यादा मात्रा में हो जाती है तो वह दूध पीना छोड़ देता है और बेचैनी महसूस करता है, रोने लगता है और यदि यह गैस समय पर डकार द्वारा नहीं निकलती है तो या तो शिशु उल्टी कर देता है या फिर उसे असमय ही गैस के साथ मल हो जाता है।

गैस निकालने के लिए बच्चे क ो



दू ध पिलाने के बाद कंधे से लगाकर पीठ थपथपानी चाहिए, जब तक कि वह डकार न ले ले। गैस के विकार से होने वाली समस्या से बचने के लिए खाने?पीने में सफाई की आदत की जरूरत होती है। जल्दी-जल्दी जरूरत से ज्यादा खाना, खाते समय, चिंता या मानसिक तनाव से ग्रस्त होना, भोजन के समय बीच-बीच में ज्यादा पानी पीना आदि गैस की परेशानी को और अधिक बढ़ाते हैं। जुलाब की गोलियों का बार-बार इस्तेमाल भी हानिकारक होता है।

गैस के अलग-अलग शारीरिक और रोगात्मक कारण होते हैं इसलिए हर किसी के लिए एक सा भोजन उपयुक्त नहीं होता। जिन खाने की चीजों से गैस बनने की संभावना हो उनसे बचना चाहिए। कोका कोला, पेप्सी, सोडा आदि पेय ज्यादा गैस पैदा करते हैं क्योंकि इन सब में कार्बन डाईआक्साइड तथा सोड़े की मात्रा ज्यादा होती है। ऐसी खाने की चीजों से भी बचना चाहिए जिन में लेक्टोज की मात्रा ज्यादा होती है। बच्चों को लेक्टोज रहित आहार के तहत न्यूट्रा माइजेन जैसे एमिनो एसिड, प्रोटीन हाइड्रोलाइसेट या फिर सोयाबीन का दूध दिया जा सकता है। बड़ों को सभी प्रकार के दूध, आइस्क्रीम, चीज, दूध से बनी मिठाई, दूध से बने पेय, सफेद ब्रेड, बिस्कुट, क्रीम सूप, क्रीम युक्त व्यंजन और ठंडे मांसाहार से बचना चाहिए।

कुछ सब्जियां और फल भी अधिक गैस बनाते हैं। फूल गोभी, पत्ता गोभी, सूखी फलियां, ककड़ी, हरी मिर्च, सलाद, मटर, मूली, प्याज, कच्चे सेब, तरबूज, खरबूजा आदि अधिक गैस बनाते हैं। तले हुए या वसायुक्त पदार्थों से भी ज्यादा गैस बनती है। इनके इस्तेमाल से आंतों में कार्बन डाईआक्साइड बनती है।

अन्य रोगों की तरह गैस विकार की समस्या पर काबू पाने के लिए भी नियमित व्यायाम और योगाभ्यास लाभदायक होते हैं। सुबह शाम 2-4 किलोमीटर तक घूमना गैस की समस्या को दूर करने के लिए अच्छा व्यायाम है। इससे रक्त संचार भी ठीक बना रहता है। पाचन शक्ति भी सही रहती है। मानसिक तनाव से दूर रहते हुए शांति से सादा भोजन, इसका सबसे बड़ा इलाज है।

खाना खाते वक्त कम पानी पीना चाहिए। क्योंकि अधिक पानी पाचन के लिए हानिकारक होता है। रात को देर से भोजन करना भी गैस की समस्या को बढ़ाता है। भोजन को ठीक से पचने के लिए 6-8 घंटे लगते हैं। इसके लिए पूर्ण आराम और 7-8 घंटे की नींद आवश्यक होती है। इन सावधानियों को बरतने के बाद भी यदि गैस से पीछा न छूटे तो किसी विशेषज्ञ से सलाह लें।

# सेहत
## की कुछ बातें



बाल्यावस्था के दिन मौज-मस्ती और नटखटपन के होते हैं। हालांकि इसी अवस्था में शरीर का सही विकास भी होता है। इसलिए इस उम्र में बच्चों के खानपान पर समुचित ध्यान देना चाहिए। यह माता-पिता और अभिभावकों का दायित्व है कि वे अपने बच्चों में सेहत के प्रति सजगता की आदत बचपन से ही डालें। बाल्यावस्था में बच्चों में मोटापा, वजन कम होना, एनीमिया और दांतों संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं। कुछ बच्चों में व्यवहार सीखने संबंधित समस्याएं भी पैदा होती हैं। ऐसे बच्चों को अपनी उम्र के अन्य बच्चों के साथ घुलने-मिलने में दिक्कत होती है।

### बहुत जरूरी है नाश्ता

सुबह का नाश्ता करने के लिए बच्चों को अवश्य प्रोत्साहित करें। ज्यादातर बच्चे स्कूल जाने से पहले अच्छी तरह नाश्ता नहीं करते। चिकित्सकों का कहना है कि बच्चों को संतुलित और पौष्टिक नाश्ता करवाकर ही स्कूल भेजें। बच्चे को दिन में तीन मुख्य आहार और दो से तीन बार स्नैक्स जरूर देने चाहिए। स्नैक्स का सबसे अच्छे विकल्प फल हैं। ड्राई फरूट्स भी स्नैक्स के अच्छे विकल्प हैं।

### स्कूल भी ध्यान रखें

ज्यादातर स्कूल की कैंटीन में खानपान की स्वास्थ्यकर वस्तुएं उपलब्ध नहीं होतीं। यहां समोसा, चाऊमिन और बर्गर आदि वस्तुएं ही उपलब्ध होती हैं। ये वस्तुएं कभी-कभी खायीं जाएं तो ही ठीक रहता है। प्रतिदिन जंक फूड और फास्ट फूड का सेवन बच्चों की सेहत के लिए सही नहीं रहता है। इसलिए माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चे को स्वास्थ्यप्रद वस्तुओं से युक्त टिफिन बाक्स देकर ही स्कूल भेजें।

### सामाजिक समारोह

बदलते दौर में माता-पिता के साथ बच्चे भी सामाजिक समारोहों में बढ़-चढ़कर शिरकत करते हैं। मसलन, बर्थ-डे पार्टी में जाना, पिकनिक पर जाना, शॉपिंग मॉल आदि जगहों पर जाना। इन स्थानों पर खाने-पीने की जो वस्तुएं उपलब्ध होती हैं, उनमें से ज्यादातर स्वास्थ्यकर नहीं होतीं। ऐसे स्थानों पर बच्चों को एक बेहतर विकल्प चुनने की राय देनी चाहिए।

### मोटापा

अपने देश में बाल्यावस्था में होने वाले मोटापे की समस्याएं बढ़त पर हैं। आप बच्चे में खानपान से संबंधित अच्छी आदतें डालकर उन्हें मोटापे से बचा सकती हैं। इसके लिए उन्हें शुगर युक्त खाद्य पदार्थों से दूर रखें और उनके आहार में सब्जियां व फलों की मात्रा बढ़ाएं। बच्चे को यह भी समझाना चाहिए कि उसे मिठाइयों व ऐसे पेय पदार्थो से दूर रहना चाहिए, जिनमें शुगर ज्यादा रहती है। बच्चे को फल व सब्जियां खाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यदि पहले से ही आपका बच्चा मोटा है तो उसे शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

### वजन कम होना

कुछ बच्चों का वजन लंबाई के अनुपात में काफी कम होता है। कुछ बच्चों की आदत कम खाने की होती है। उनकी यह प्रवृत्ति माता-पिता के लिए परेशानी का कारण बन जाती है। ऐसे बच्चों के बारे में माता-पिता को यह मालूम करना चाहिए कि उन्हें कौन से खाद्य पदार्थ पसंद हैं। संभव है कि पसंदीदा खाद्य पदार्थ न मिलने के कारण वे कम खाते हों। उन्हें प्यार से समझाकर स्वास्थ्यवर्द्धक भोजन दें। अगर बच्चे का वजन कम है तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप उसे शुगरयुक्त खाद्य पदार्थों को खाने की अनुमति प्रदान करें। शुगरयुक्त खाद्य पदार्थो का अधिक सेवन नुकसानदेह ही होता है।

### दांतों की समस्या

दांतों में दर्द होना और कीड़ा लगना एक आम समस्या है। इस समस्या से बचने के लिए बच्चों में यह आदत डालें कि वे रात में भी सोने से पहले टूथब्रश करें। रात में शुगरयुक्त खाद्य पदार्थों को कम से कम खाने की सलाह दें।

### खून की कमी

खून की कमी अर्थात एनीमिया से ग्रस्त बच्चे थोड़ा सा काम करने पर थकान महसूस करने लगते हैं। उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती नहीं रहती। इसके चलते बच्चों की मानसिक क्षमता भी कम होने लगती है। एनीमिया की कमी दूर करने के लिए बच्चों को हरी पत्तेदार सब्जियां दें। इसके अलावा उन्हें प्रतिदिन थोड़े से ड्राई फरूट्स भी खाने को दें। इससे उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती बनी रहती है।





# जिंदगी के 14 साल कम कर देगी आपकी यह गलती

अगर आप अपने बढ़ते वजन पर कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं, न तो डाइट सेहतमंद लेते हैं और न ही खुद को फिट करने के लिए कसरत करते हैं तो आप अपने जीवन के 14 साल कम कर रहे हैं।यकीन नहीं आता तो अमेरिका के नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट द्वारा करवाए गए शोध पर गौर करें। शोधकर्ता का दावा है कि मोटापे के शिकार वे लोग जिनका बीएमआई 40 से अधिक है, उनका जीवनकाल 14 साल घट जाता है।

**कई रोगों का है खतरा** - पिछले 20 अलग-अलग शोधों के आधार पर किए गए इस अध्ययन में अत्याधिक मोटापे के कारण दिल के रोगों, कैंसर और डायबिटीज जैसे रोगों की आशंका जताई है। उन्होंने अपने अध्ययन में अधिक बीएमआई वाले लोगों के वजन की तुलना सामान्य वजन वाले लोगों से की है और इसी आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है। शोधकर्ता कैरी कितहारा के अनुसार, हमने अपने अध्ययन में पाया कि मोटापे की समस्या जिन लोगों को है उनकी मृत्यु दर सामान्य वजन वाले लोगों की अपेक्षा 2.5 गुना अधिक है।

**ये उपाय हैं मददगार** - शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में माना है कि खानपान और जीवनशैली पर नियंत्रण, कसरत और सेहतमंद डाइट की मदद से वजन को नियंत्रित रखा जा सकता है और असमय मृत्यु के रिस्क को कम किया जा सकता है।

# नवजात शिशुओं को रोगों से बचाएगी यह नई थेरेपी



जन्म के समय ऑक्सीजन की कमी से जूझ रहे नवजात शिशुओं को कूलिंग थेरेपी देने से उन्हें सेरेब्रल पॉल्सी जैसी बीमारी से बचाया जा सकता है।

प्रसिद्ध शोध पत्रिका न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन के एक अध्ययन में यह पता चला है। इस शोध के अनुसार स्कूल जाने की उम्र में इन बच्चों का आईक्यू (इंटेलीजेंस कोशेंट) भी बेहतर होता है।

कूलिंग थेरेपी में नवजात शिशु को एक खास मैट पर तीन दिन तक 33 डिग्री सेंटीग्रेड पर रखा जाता है। इससे उनका दीर्घकालिक मानसिक क्षति से बचाव होता है।

ब्रिटेन में हर 500 में से एक नवजात शिशु को जन्म के समय ऑक्सीजन की कमी का सामना करता है।

ऑक्सीजन की कमी के कारण मस्तिष्क की कोशिकाएं मरने लगती हैं। इससे बच्चों के दिमाग को क्षति पहुंच सकती है, यहां तक कि कई बार उनकी मौत का खतरा भी रहता है।

कुछ समय पहले तक इस बीमारी का कोई स्वीकार्य तरीका नहीं था।

जीवित रहने की संभावना

साल 2009 में 300 से अधिक नवजात शिशुओं पर एक अध्ययन हुआ। उन्हें कूलिंग ट्रीटमेंट या थेरेप्युटिक हाइपोथर्मिया दिया गया।

इसके बाद पाया गया कि 18 महीने के शिशुओं में होने वाली मस्तिष्क की क्षति कम की जा सकती है।



कूलिंग थेरेपी वाले 45 फीसदी नवजात शिशुओं में मस्तिष्क से जुड़ी कोई असामान्यता नहीं मिली। जबकि सामान्य उपचार वाले 28 फीसदी बच्चों में दिमाग से जुड़ी असामान्यता पाई गई।

इसी तरह सामान्य थेरेपी वाले 36 फीसदी बच्चों की तुलना में कूलिंग थेरेपी वाले केवल 21 फीसदी नवजात शिशुओं में ही सेरेब्रल पॉल्सी पाई गई।

शोधकर्ताओं के मुताबिक अब अगला कदम यह देखना होगा कि हाइपोथर्मिया के इलाज और सामान्य जीवित रहने की संभावना कैसे बढ़ाई जा सकती है।

सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साई प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495, ईमेलः haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिका:- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।